● जयपुर, मंगलवार, 28 मई 24 ● वर्ष 13 ● अंक 271 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद



पेज @3 'ऑपरेशन सीमा संकल्प' के तहत अवैध मादक पदार्थों के तस्कर...

पेज @5 दस-दस हजार के दो इनामी जयपुर के मानसरोवर इलाके से गिरफ्तार...

पेज @8 भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी की नई पहल, जनता की समस्याओं के ...

# जब तक नरेन्द्र मोदी और भाजपा हैं, पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता : अमित शाह

**कुशीनगर/एजेंसी।**

उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को कुशीनगर पहुंचे यहां उन्होंने उदित नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय पडरौना में भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दूबे के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने सपा-कांग्रेस गठबंधन को अपने निशाने पर रखा।जब तक नरेन्द्र मोदी जी और भाजपा हैं, पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता।

तथागत भगवान बुद्ध,सिधुआ बाबा, खिरकिया माई, बुढिया़ माई को नमन करते हुए गृहमंत्री ने दावा किया देश की जनता ने तय कर लिया है कि अगले 5 साल नरेन्द्र मोदी जी ही प्रधानमंत्री रहेंगे। 6 चरण का मतदान समाप्त हो चुका है। मेरे पास 5 चरण का आंकड़ा है। 5 चरण



में मोदी जी 310 सीटें पार कर चुके हैं। छठा चरण हो चुका है, सातवां होने वाला है, जिसमें आप लोगों को 400 पार कराना है। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए गृहमंत्री ने कहा कि 4 जून को राहुल बाबा की पार्टी 40 भी पार नहीं कर पाएगी और अखिलेश बाबू 4 भी पार नहीं कर पाएंगे। 4 जून को मोदी जी, भाजपा और एनडीए की विजय निश्चित है। 4 जून की दोपहर को आप देख लेना, राहुल बाबा के लोग प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और कहेंगे कि इवीएम के कारण हम हारे हैं। और हार का ठीकरा भी खड×गे साहब पर फूटेगा। घमंडिया गठबंधन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ये झूठ के आधार पर जीने वाले लोग हैं। इन्होंने कहा है कि हम मुस्लिम आरक्षण देंगे। अपने वोटबैंक को खुश करने के लिए ये मुस्लिम आरक्षण की बात करते हैं। जिसका सीधा खामियाजा पिछड़े वर्ग को भुगतना पड़ेगा । अगर गलती से भी ये जीत गए, तो पिछड़ा, अति पिछड़ा और दलित का आरक्षण छीनकर ये मुसलमानों को देने का काम करेंगे।इन्होंने (इंडी गठबंधन) कर्नाटक और हैदराबाद में जो किया है, बंगाल में भी वही किया था, लेकिन वहां (बंगाल) हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। मुस्लिम आरक्षण संविधान के अनुरूप नहीं है। मगर आप चिंता मत कीजिए, न ये जीतने वाले हैं और न हम ऐसा होने देंगे। जब तक नरेन्द्र मोदी जी और भाजपा हैं, पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता। हम इस देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं आने देंगे। सपा और कांग्रेस 70 साल से राम जन्मभूमि के मामले को अटका कर बैठे थे।जबकि मोदी जी ने 5 साल में ही केस भी जीता, भूमिपूजन भी किया और प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी। मोदी जी ने सिर्फ राम मंदिर ही नहीं, बल्कि औरंगजेब द्वारा तोड़ा गया काशी विश्वनाथ का मंदिर भी बनाया और सोमनाथ का मंदिर भी सोने का बन रहा है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए गृहमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कहती है कि पाकिस्तान के पास एटम बम है, पीओके मत मांगिए।अरे राहुल बाबा आपकी पार्टी एटम बम से डरती होगी, हम भाजपा वाले नहीं डरते। आज मैं यहां से कहकर जाता हूं कि पीओके भारत का था, है और हम इसे लेकर रहेंगे।

श्री शाह ने कहा कि ये घमंडिया गठबंधन परिवारवादियों का गठबंधन है।उसके दलों के अध्यक्षों का लक्ष्य अपने बेटे-बेटी और भतीजों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनाना है।

न्यूज़ अपडेट

## भारत-पाक सीमा पर हीट स्ट्रोक से जवान शहीद

**जैसलमेर/एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात बीएसएफ का एक जवान शहीद हो गया। बीएसएफ के जवान की जान जाने की वजह हीट स्ट्रोक बताई जा रही है। मृतक जवान को गार्ड ऑफ ऑनर और पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। बता दें कि इन दिनों बॉर्डर पर तापमान 50 डिग्री के पार हो गया है।

शहीद होने वाला जवान 173वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल में कांस्टेबल के पद पर तैनात था। जवान का नाम अजय कुमार था, वह पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के सारू गांव का रहने वाला था। भीषण गर्मी की वजह से जवान की तबीयत खराब हुई और बाद में इलाज के दौरान जवान ने दम तोड़ दिया। उसके शव को रामगढ़ अस्पताल लाया गया।

जवान के शव का पोस्टमार्टम कराकर बीएसएफ के अधिकारियों को सुपुर्द किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को रामगढ़ से जोधपुर ले जाया जाएगा और जोधपुर से हवाई जहाज में उनके पैतृक गांव ले जाया जाएगा। रामगढ़ अस्पताल परिसर में शहीद जवान को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। 173वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों ने पुष्प चक्र अर्पित कर जवान को श्रद्धांजलि दी।

## पीएम मोदी और कांग्रेस नेताओं ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू को उनकी पुण्यतिथि पर किया याद



**नई दिल्ली/एजेंसी।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी समेत कई प्रमुख हस्तियों ने पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि दी। सोमवार सुबह कांग्रेस अध्यक्ष समेत कांग्रेस के कई नेताओं ने दिल्ली के शांति वन में स्थित नेहरू समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड×गे ने कहा, आधुनिक भारत के शिल्पकार, भारत को वैज्ञानिक, आर्थिक, औद्योगिक व विभिन्न क्षेत्रों में आगे ले जाने वाले, लोकतंत्र के समर्पित प्रहरी, स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री व हमारे प्रेरणास्त्रोत, पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के अतुलनीय योगदान के बिना भारत का इतिहास अधूरा है। खड़गे ने कहा कि वे हिंद के जवाहर की पुण्यतिथि पर उन्हे विनम्र श्रद्धांजलि देते हैं। इसके साथ ही उन्होंने प्रथम प्रधानमंत्री के विचारों का स्मरण करते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू जी ने कहा था।

# चक्रवात रेमल : तेज आंधी से पेड़ और बिजली के खंभें उखड़े

### पूर्वोत्तर राज्य हाई अलर्ट पर, अधिकारियों को तैयार रहने का निर्देश

**कोलकाता/एजेंसी।**

भीषण चक्रवाती तूफान रेमल के आने से पहले विभिन्न पूर्वोत्तर राज्यों में आपदा प्रबंधन अधिकारियों और सुरक्षा बलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और जिला प्रशासनों को अग्रिम एहतियाती कदम उठाने के लिए कहा गया है। रेमल चक्रवात के कारण रात भर हुई भारी बारिश और 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाओं ने सोमवार को कोलकाता सहित पश्चिम बंगाल के कई अन्य जिलों में छप्पर वाले घरों को नष्ट हो गए, बिजली के खंभे और रेलवे सिग्नल पोस्ट गिर गए। प्रारंभिक रिपोर्टों के मुताबिक रेमल के पश्चिम बंगाल और उससे सटे बंगलादेश के तटों के बीच टकराने से घर ढहने या उड़ते हुए मलबे की चपेट में आने से कई लोग घायल हो गए। राज्य सरकार पहले ही निचले इलाकों में रहने वाले करीब 1.10 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा चुकी है।

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार चक्रवात के टकराने की प्रक्रिया रविवार रात लगभग 8.30 बजे शुरू हुई और पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के सागर द्वीप और मोंगला के पास बंग के खेपुपारा के बीच सोमवार तड़के समाप्त हुई।

प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक कोलकाता में



146 मिमी बारिश हुई और 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं, जो 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक पहुंच गयीं। तेज हवाई के कारण पेड़ उखड़ गए और ओवरहेड बिजली के तार टूट गए। कोलकाता में दीवार गिरने से एक व्यक्ति घायल हो गया। दक्षिण कोलकाता के ढाकुरिया, पार्क सर्कस और बालीगंज जैसे इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया, जबकि टॉलीगंज और कवि नजरूल स्टेशनों पर मेट्रो रेलवे शेड उड़ गए। उपनगरीय सियालदह दक्षिण खंड में एहतियात के तौर पर रेलवे सेवाएं पहले ही निलंबित कर दी गई हैं, जबकि नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय (एनएससीबीआई) हवाई अड्डे को भी रविवार को अपराह्न 12 बजे से सोमवार सुबह 09 बजे तक के लिए बंद कर दिया गया है। कुल मिलाकर 340 घरेलू और 54 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं।

उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना और पूर्वी मिदनापुर जिलों से प्राप्त रिपोर्टों में कहा गया है कि तूफान के कारण कई फूस के घर जमींदोज हो गए। बिजली के खंभे भी टूट गए। बंगाल की खाड़ी में विशाल ज्वारीय लहरें देखी गईं।

## अरविंद केजरीवाल ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा, अंतरिम जमानत 7 दिन बढ़ाने की मांग

**नई दिल्ली/एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायिर की है। इसमें दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने अपनी अंतरिम जमानत 7 दिन के लिए बढ़ाने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक अरविंद केजरीवाल ने इसके लिए सेहत का हवाला दिया है। सूत्रों ने दावा किया कि अरविंद केजरीवाल को शक है कि उन्हें कोई गंभीर बीमारी है। मैक्स के डॉक्टरों ने उनकी जांच की है। इसलिए उन्हें स्कैन और कई टेस्ट करवाने की ज़रूरत है। इसलिए केजरीवाल ने जांच करवाने के लिए 7 दिन और मांगे हैं। बता दें कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली शराब घोटाला केस में अंतरिम जमानत पर बाहर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 1 जून तक अंतरिम जमानत दी है। 2 जून को उन्हें सरेंडर करना होगा।



## गुना में मिनी ट्रक पुलिया से गिरा, 4 की मौत



**गुना/एजेंसी।**

मध्य प्रदेश के गुना जिले में एक मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे जा गिरा। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है, वहीं चार लोग घायल हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह म्याना पुलिस थाना क्षेत्र में कानपुर से कर्नाटक की ओर जा रहा एक मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए पुलिया से नीचे जा गिरा। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस दल मौके पर पहुंचा और राहत कार्य शुरू किया गया।

इस हादसे में ट्रक पर सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चौथे ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं इस हादसे में चार अन्य लोग घायल हुए हैं। बताया गया है कि इस ट्रक में मजदूर भी सवार थे और हादसे में विष्णु, मीर, विकास और रणवीर सिंह की मौत हुई है। वहीं ट्रक के चालक और क्लीनर सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल मे इलाज जारी है। मजदूर उत्तर प्रदेश के कानपुर के निवासी बताए जा रहे हैं। म्याना थाने के प्रभारी संजीव मावई के मुताबिक, जिस ट्रक का हादसा हुआ है, उसमें 6 मजदूरों के अलावा चालक और क्लीनर भी थे। इनमें से चार की मौत हुई है। बताया गया है कि इस ट्रक से मजदूर काम के सिलसिले में कानपुर से कर्नाटक जा रहे थे। इस ट्रक में मजदूरों का सारा सामान और मोटरसाइकिल भी रखी हुई थी। हादसे के शिकार हुए मजदूरों के परिजनों को पुलिस ने सूचना दे दी है। आशंका इस बात की जताई जा रही है कि सुबह का समय था और चालक को नींद आ गई होगी। उसी के चलते ट्रक अनियंत्रित हुआ और पुलिया की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरा।

# गेमिंग जोन हादसे में बड़ा एक्शन 6 अधिकारियों को किया सस्पेंड, 28 लोगों की गई थी जान

**राजकोट/एजेंसी।**

गुजरात के राजकोट में गेमिंग जोन में आग लगने से अब तक 28 लोगों की मौत हो गई हैं, जिसमें 12 बच्चे हैं। इस मामले में प्रशासन ने छह अधिकारियों को सस्पेंड किया है। राजकोट नगर निगम के दो अधिकारी असिस्टेंट इंजीनियर जयदीप चौधरी और टाउन प्लानर गौतम जोशी को सस्पेंड किया गया है। इसके साथ ही सड×क एवं निर्माण विभाग के दो अधिकारी एडिशनल इंजीनियर पारस कोठिया और डिप्टी इंजीनियर एम आर सुमा



को भी सस्पेंड किया गया है। वहीं, पुलिस विभाग के दो अधिकारी पुलिस इंस्पेक्टर एन आर राठौड़ और पुलिस इंस्पेक्टर वी आर पटेल पर भी गाज गिरी है। बता दें इस बीच गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गंभीर घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। ज्ञात रहे कि राजकोट के टीआरपी गेम जोन में शनिवार को भीषण आग लग गई थी। कहा जा रहा है कि जनरेटर के लिए 1500 से 2000 लीटर डीजल, गो कार रेसिंग के लिए 1000 से 1500 लीटर पेट्रोल जमा था। जिसकी वजह से आग इतनी फैली कि पूरा स्ट्रक्चर जलकर खाक हो गया। गेम जोन से बाहर निकलने और प्रवेश के लिए 6 से 7 फीट का एक ही रास्ता था। गेम जोन में एंट्री के लिए 99 रुपये की स्कीम थी, जिसकी वजह से बड़ी संख्या में लोग हादसे के वक्त गेम जोन में मौजूद थे। इस मामले में राज्य सरकार ने पांच सदस्यीय टीम गठित की थी।

इस मामले में गुजरात हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। हाईकोर्ट की स्पेशल ब्रांच की बेंच ने सुनवाई करते हुए इसे मानव निर्मित आपदा बताया था। कोर्ट ने कहा था कि गेमिंग जोन के निर्माण और संचालन के लिए नियमित और उचित नियमों का पालन नहीं किया गया। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि अहमदाबाद में सिंधुभवन रोड, सरदार पटेल रिंग रोड और एसजी हाईवे पर गेमिंग जोन सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा हैं। हाईकोर्ट ने अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत और राजकोट नगर निगम से स्पष्टीकरण मांगा था।

# किसकी बनेगी सरकार, किसको खारिज करेगी देश की जनता?

लोकसभा चुनाव के लिए मतदान का छठा चरण 25 मई को संपन्न होने के साथ ही देश के राजनीतिक विश्लेषक, आमजन, चौक–चौराहों के चौपाल विशेषज्ञ, छोटे–बड़े ज्योतिषी वगैरह, सभी अपने–अपने तरीके से चुनाव नतीजों को लेकर अपना निष्कर्ष देने लगे हैं। अब तो सिर्फ एक चरण का मतदान ही शेष है। आगामी 1 जून को अंतिम चरण का मतदान समाप्त होने के बाद देश को 4 जून की दोपहर तक ही पता चल जाएगा कि भारत का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा, कौन सी राजनीतिक पार्टी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरेगी और एनडीए को या इंडी गठबंधन को कितनी सीटें मिल रही हैं। हालांकि अभी तक अधिकतर जानकारों का यह दावा है कि देश में फिर से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही एनडीए गठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

प्रख्यात पॉलिटिकल कमेंटेटर और डेटा साइंटिस्ट सुरजीत भल्ला कहते हैं कि भारतीयों ने बीते दस सालों के दौरान जो तरक्की देश में देखी है इतनी तरक्की 10 साल में नहीं देखी। भाजपा को इस चुनाव में कुल 42 से 45 प्रतिशत तक वोट मिल सकते हैं। ज्यादा भी मिल जाएं तो कोई आश्चर्य नहीं ? जाहिर है, अगर भाजपा और उसके मित्र दलों को इतने फीसद वोट मिले तो सरकार तो उनकी ही बनेगी। अब बात कर लें अपने को महान राजनीतिक चिंतक बताने वाले योगेंद्र यादव की। वे राहुल गांधी की एक पदयात्रा में भी शामिल हुए थे। डॉ. लोहिया के विचारों को मानने वाले योगेन्द्र यादव के मुताबिक, इन चुनाव में भाजपा को 240–260 और एनडीए के साथी दलों को 35–45 सीटें मिल सकती हैं। मतलब भाजपा / एनडीए को 275 से 305 के बीच सीटें मिलने जा रही हैं। देश में सरकार बनाने के लिए 272 सीटें चाहिए और जारी लोकसभा चुनाव में भाजपा /एनडीए की 303/323 सीटें हैं। यह तो राहुल समर्थक योगेंद्र जी की भविष्यवाणी है। हालांकि, मेरा मत है कि एनडीए गठबंधन को योगेंद्र यादव के दावे से कहीं अधिक सीटें मिल रही हैं। मैं भी 1967 से लेकर अबतक के सभी चुनावों को करीब से देखता रहा हूं और अपने अनुभव के आधार पर यह कह रहा हूं कि इसबार भाजपा और सहयोगी दलों का प्रदर्शन अबतक के सारे रिकॉर्ड तोड़ने वाला होगा। मैंने लोकसभा चुनाव की कैंपेन के दौरान सारे देश भर की खाक छानी है। आम जनता से बातें की और उनका मन टटोला। उसके बाद मैं या मानता हूं कि एनडीए को हर हालात में 350 से अधिक ही सीटें मिलेंगी।

इस बीच, मुंबई के जाने–माने ज्योतिषी, स्तंभकार और लेखक पंडित जे.पी.त्रिखा पिछले कम से कम दो लोकसभा चुनाव की सटीक भविष्यवाणी कर चुके हैं। उन्होंने 2014 और 2019 में एनडीए की सफलता की भविष्यवाणी कर दी थी। उन्होंने ज्योतिष विद्या के आधार पर 2024 के लोकसभा चुनाव के परिणामों पर भी गहन शोध के बाद अपनी भविष्यवाणी कर दी है। पंडित त्रिखा कहते हैं, 'मेरा ज्योतिष अध्ययन स्पष्ट रूप से कहता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक सीटें जीतने वाली पार्टी बनने जा रही जा रही है। इस मामले पर कोई बहस नहीं होनी चाहिए। इसलिए, भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू श्री मोदी को 4 जून के बाद सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करेंगी।' पंडित त्रिखा के अनुसार, 'श्री नरेन्द्र मोदी की चंद्र राशि वृश्चिक है। उनका जन्म 17 सितंबर, 1950 को हुआ था। वे मंगल ग्रह से शासित हैं। वृश्चिक राशि वाले बहुत बुद्धिमान और चतुर होते हैं और उनमें नेतृत्व करने के गुण होते हैं। वे जन्मजात नेता होते हैं। मोदी जी ने इसे बार–बार साबित किया है।' दिलचस्प बात यह है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी वृश्चिक राशि के हैं। वृश्चिक राशि के नेताओं को अक्सर उनके दृढ़ संकल्प के लिए जाना जाता है। वे अपने मुखर और रणनीतिक नेतृत्व शैली के लिए भी जाने जाते हैं। वृश्चिक राशि वाले जुनूनी, दृढ़संकल्प से भरे और संकट में भी जुझारू रूप से मैदान में डटे रहते हैं। वृश्चिक राशि वाले संकटों को संभालने और चुनौतियों को पार करने में अच्छे होते हैं। इस बीच, चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर कांग्रेस को लेकर दावा कर रहे हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस तीन अंकों के आंकड़े तक नहीं पहुंचेगी। इसके साथ ही, वे इस बात पर भी जोर दे रहे हैं कि भाजपा इस बार 2019 के आम चुनावों में प्राप्त अपनी सीटें दोहराने जा रही है या उससे भी आगे निकल सकती है। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें भाजपा की तरफ से कितनी सीटें जीतने की उम्मीद है, तो प्रशांत किशोर ने कहा कि मेरे पास जो भी अवलोकन और अनुभव है, उसके आधार मुझे नहीं लगता कि भाजपा की संख्या 2019 में जहां थी, वहां से कम हो जाएगी। वे दावा कर रहे हैं कि 2019 में भाजपा के पास जो संख्या थी, कमोबेश वही संख्या मुझे दोहराती हुई दिख रही है या शायद यह और भी बेहतर हो जाएगी। हालांकि उनके दावों पर बहुत बवाल भी मचा हुआ है। उनकी राय से इत्तेफाक न रखने वाले उन पर तमाम तरह के आरोप भी लगा रहे हैं। पर, सुरजीत भल्ला या योगेन्द्र यादव के दावों पर कोई कुछ नहीं कर रहा। यानी कमोबेश देश को पता चल चुका है कि देश में अगली सरकार किसकी बनेगी।

वैसे, मैं भी ज्योतिषियों पर विश्वास करता हूं। पर मेरा विश्वास प्रोफेशनल ज्योतिषियों पर थोड़ा कम और शौकिया ज्योतिषियों पर कुछ ज्यादा है , क्योंकि; ज्योतिष उनकी रोजी– रोटी का साधन नहीं, उनकी व्यक्तिगत साधना है जो निश्वार्थ है । ऐसी ही एक ज्योतिषी महिला का कल रात फोन आया और उन्होंने कहा, "अंकल जी , इस बार मोदी जी 400 से ज्यादा सीटें ला रहे हैं।" मैंने पूछा कि तुम्हारी इस भविष्यवाणी का आधार क्या है? उन्होंने बताया कि मैंने 1984 में राजीव गांधी की जो ग्रहदशा चल रही थी उसका गंभीरता से सूक्ष्म विश्लेषण किया है। मोदी जी की वैसी ही ग्रहदशा चल रही है और मोदी जी की ग्रहदशा 1984 के राजीव गांधी की ग्रहदशा से कहीं ज्यादा मजबूत है।

# अग्निकांड़ों ने हर भारतीय का दिल जख्मी किया



ललित गर्ग

गुजरात के राजकोट में एक एम्यूजमेंट पार्क के अंदर गेमिंग जोन में लगी आग की लपटें अभी ठीक से बुझी भी नहीं थीं कि शनिवार देर रात राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बच्चों के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में आग लगने से सात नवजात बच्चों की जान चली गयी। दोनों ही घटनाओं में हताहत होने वालों में ज्यादातर छोटे बच्चे हैं। निश्चित रूप से ये हादसे प्रशासनिक लापरवाही की उपज हैं, यही कारण है कि सिस्टम में खामियों और ऐसी आपदाओं को रोकने में सरकारी अधिकारियों की लापरवाही की निंदा की जा रही है। यह याद रखने योग्य है कि नियमित अंतराल पर मानवीय जिम्मेदारी वाले पहलू की अनदेखी से ऐसी गंभीर घटनाएं होने के बावजूद अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही कम होती नहीं दिख रही है। इन जहरीली काली आग ने कितने ही परिवारों के घर के चिराग बुझा दिए। कितनी ही आंखों की रोशनी छीन ली और एक कालिख पोत दी कानून और व्यवस्था के कर्णधारों के मुँह पर। 'अग्निकांड' एक ऐसा शब्द है जिसे पढ़ते ही कुछ दृश्य आंखों के सामने आ जाते हैं, जो भयावह होते हैं, त्रासद होते हैं, डरावने होते हैं। जीवन का हर पल दुर्घटनाओं का शिकार हो रहा है। दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता की काली छाया का पसरना हो या सरकार की आंखों पर काली पट्टी का बंधना–हर स्थिति में मनुष्य जीवन के अस्तित्व एवं अस्मिता पर सन्नाटा पसर रहा है।

इन दोनों मामलों में शुरुआती सूचनाएं ही संदेह का पुख्ता आधार प्रदान कर रही हैं। मसलन, यह बताया गया कि राजकोट के प्राइवेट एम्यूजमेंट पार्क में चल रहे गेमिंग जोन को फायर एनओसी नहीं मिला था। इसके बावजूद यह गेमिंग जोन धड़ल्ले से चल रहा था, बड़ी संख्या में बच्चे यहां महंगे टिकट लेकर आ रहे थे और अगर आग लगने की यह घटना न होती तो पता नहीं कब तक सब कुछ ऐसे ही चलता रहता। ठीक इसी तरह दिल्ली के बेबी केयर सेंटर की आग की घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। एनआईसीयू में वेंटिलेटर पर ही 7 नवजात ने दम तोड़ दिया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि बच्चों को पीछे के रास्ते से बड़ी मुश्किल से निकाला गया। 5 बेड की क्षमता वाले हॉस्पिटल में 12 बच्चों का इलाज हो रहा था। जाहिर है, एक बेड पर दो या तीन बच्चे थे। आग लगने, हॉस्पिटल के मिस मैनेजमेंट और लापरवाही का क्या स्थानीय प्रशासन को अंदाजा नहीं होना चाहिए कि उसके कार्यक्षेत्र में किस तरह के व्यवसाय कानूनी प्रक्रियाओं की अनदेखी करते हुए चलाए जा रहे हैं? प्रश्न है कि इन बढ़ती दुर्घटनाओं की नृशंस चुनौतियों का क्या अंत है? बहुत कठिन है दुर्घटनाओं की उफनती नदी में जीवनरूपी नौका को सही दिशा में ले



चलना और मुकाम तक पहुंचाना, यह चुनौती सरकार के सम्मुख तो है ही, आम जनता भी इससे बच नहीं सकती। इन दोनों अग्निकांड़ों में पीड़ितजन तो सहानुभूति के पात्र हैं ही, पर इन घटनाओं के लिए सहानुभूति की पात्र देश की जनता भी है, जो भ्रष्ट, लापरवाह एवं लालची प्रशासनिक चरित्रों को झेल रही है। मनुष्य अपने स्वार्थ और रुपए के लिए इस सीमा तक बेईमान और बदमाश हो जाता है कि हजारों के जीवन और सुरक्षा से खेलता है। दो–चार परिवारों की सुख समृद्धि के लिए अनेक घर–परिवार उजाड़ देता है।

राजकोट हो या राजधानी में प्राइवेट संस्थानों में आग लगना- बेकसूर लोगों के मारे जाने की घटनाएं कोई नई या चौंकाने वाली बात नहीं है। कभी कोई फैक्ट्री इस वजह से सुर्खियों में आती है तो कभी कोचिंग संस्थान। कभी कोई अस्पताल तो कभी एम्यूजमेंट पार्क। घटना के बाद पता चलता है कि वे संस्थान तमाम कानूनी प्रक्रियाओं को ताक पर रखते हुए चलाए जा रहे थे। यही वजह है कि दोनों ही मामलों में तत्काल जांच के आदेश दे दिए गए। मगर आम तौर पर ऐसे आदेश घटना से उपजे असुविधाजनक एवं ज्वलंत सवालों की ओर से लोगों का ध्यान हटाने भर का काम करते हैं। आसमान से बरसती आग के बीच शनिवार को हुए इन दोनों अग्निकांडों में मासूमों व बच्चों की मौत ने हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोरा है। तंत्र की काहिली और आपराधिक लापरवाही के चलत ऐसे हादसे होते हैं जिनमें भ्रष्टाचार पसरा होता है, जब अफसरशाह लापरवाही करते हैं, जब स्वार्थ एवं धनलोलुपता में मूल्य बौने हो जाते हैं और नियमों और कायदे–कानूनों का उल्लंघन होता है। आग क्यों और कैसे लगी, यह तो जांच का विषय है ही लेकिन इन व्यावसायिक इकाइयों को उसके मालिकों ने मौत का कुआं बना रखा था। आखिर क्या वजह है कि जहां दुर्घटनाओं की ज्यादा संभावनाएं होती हैं, वही सारी व्यवस्थाएं फेल दिखाई देती है? सारे कानून कायदों का वहीं पर स्याह हनन होता है। हर दुर्घटना में गलती भ्रष्ट आदमी यानी अधिकारी एवं व्यवसायी की ही होती है पर कारण बना दिया जाता हैं पुर्जो व उपकरणों की खराबी को। जैसे–जैसे जीवन तेज़ होता जा रहा है, सुरक्षा उतनी ही कम हो रही है, जैसे–जैसे प्रशासनिक सर्तकता की बात सुनाई देती है, वैसे–वैसे प्रशासनिक कोताही के सबूत सामने आते हैं, मरने वालों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन हर बड़ी दुर्घटना कुछ शोर–शराबें के बाद एक और नई दुर्घटना की बाट जोहने लगती है। सरकार और सरकारी विभाग जितनी तत्परता मुआवजा देने में और जांच समिति बनाने में दिखाते हैं, अगर सुरक्षा प्रबंधों में इतनी तत्परता दिखाएं तो दुर्घटनाओं की संख्या घट सकती है। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है, क्यों नहीं हो रहा है, यह मंथन का विषय है।

राजधानी दिल्ली ही नहीं, देश में हर जगह कानूनों एवं व्यवस्थाओं की धज्जियां उड़ते हुए देखा जा सकता है। इंसान का जीवन कितना सस्ता हो गया है। अपने धन लाभ के लिये कितने इंसानों के जीवन को दांव पर लगा देता है। मालिकों से ज्यादा दोषी ये अधिकारी और कर्मचारी हैं। अगर ये अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाते तो उपहार सिनेमा अग्निकांड नहीं होता, नन्दनगरी के समुदाय भवन की आग नहीं लगती, पीरागढ़ी उद्योगनगर की आग भी उनकी लापरवाही का ही नतीजा थी। बात चाहे पब की हो या रेल की, प्रदूषण की हो या खाद्य पदार्थों में मिलावट की–हमें हादसों की स्थितियों पर नियंत्रण के ठोस उपाय करने ही होंगे। तेजी से बढ़ता हादसों का हिंसक एवं डरावना दौर किसी एक प्रान्त या व्यक्ति का दर्द नहीं रहा। इसने हर भारतीय दिल को जख्मी किया है। इंसानों के जीवन पर मंडरा रहे मौत के तरह–तरह की डरावने हादसों एवं दुर्घटनाओं पर काबू पाने के लिये प्रतीक्षा नहीं, प्रक्रिया आवश्यक है। स्थानीय निकाय हो या सरकारें, लाइसेंसिंग विभाग हो या कानून के रखवाले– अगर मनुष्य जीवन की रक्षा नहीं की जा सकती तो फिर इन विभागों का फायदा ही क्या? कौन नहीं जानता कि ये विभाग कैसे काम करते हैं। सब जानते हैं कि प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर इंस्पैक्टर आते हैं और बंधी–बंधाई राशि लेकर लौट जाते हैं। लाइसेंसिंग विभाग में ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार है। नैतिकता और मर्यादाओं के इस टूटते बांध को, लाखों लोगों के जीवन से खिलवाड़ करते इन आदमखोरों से कौन मुकाबला करेगा? कानून के हाथ लम्बे होते हैं पर उसकी प्रक्रिया भी लम्बी होती है। कानून में अनेक छिद्र हैं। सब बच जाते हैं। सजा पाते हैं गरीब आश्रित, निर्दोष अभिभावक जो मरने वालों के पीछे जीते जी मर जाते हैं। पुलिस ''व्यक्ति'' की सुरक्षा में तैनात रहती है ''जनता'' की सुरक्षा में नहीं। भ्रष्ट अधिकारी नोट जुगाड़ने की कोशिश में रहते हैं, जनता की सुरक्षा के लिये नहीं। भ्रष्टाचार शासन एवं प्रशासन की जड़ों में पेठा हुआ है, इन विकट एवं विकराल स्थितियों में एक ही पंक्ति का स्मरण बार बार होता है, "घर–घर में है रावण बैठा इतने राम कहां से लांऊ"। भ्रष्टाचार, बेईमानी और अफसरशाही इतना हावी हो गया है कि सांस लेना भी दूभर हो गया है।

# परिवार खुशहाल तभी जब स्वस्थ रहेंगी स्त्रियां



मुकेश कुमार शर्मा

स्वस्थ जिन्दगी हर किसी की पहली जरूरत होती है लेकिन बहुत से घरों में आज भी महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता में नहीं रखा जाता जो कि अत्यंत ही विचारणीय विषय है। महिला का पूर्ण स्वस्थ होना इसलिए भी बहुत जरूरी है क्योंकि वह अस्वस्थ हो जाए तो घर के बच्चों से लेकर बड़े तक सभी प्रभावित होते हैं। ऐसे में महिला बिस्तर पर पड़ जाए तभी डाक्टर के पास ले जाएँ जैसी सोच को बदलना होगा और महिला को पूर्ण रूप से स्वस्थ बनाने के लिए हर जरूरी पहलू पर गंभीरता से विचार करना होगा। इसी सोच को परवान चढ़ाने के लिए हर साल 28 मई को महिला स्वास्थ्य के लिए अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस पर यौन और प्रजनन स्वास्थ्य पर भी खुलकर बात करने की जरूरत है ताकि महिला स्वतंत्र रूप से यह निर्णय ले सके कि उसे कब और कितना बच्चा चाहिए।

प्रजनन स्वास्थ्य किसी भी महिला का भारतीय संविधान द्वारा दिया गया वह अधिकार है जिसमें समानता एवं शिक्षा का अधिकार, सही उम्र में विवाह का अधिकार, परिवार नियोजन अपनाने का अधिकार, महिला को बच्चा कब और कितना चाहिए यह निर्णय लेने का अधिकार तथा हिंसा मुक्त एवं पोषणयुक्त खुशहाल जीवन जीने का अधिकार शामिल है। अनचाहा गर्भधारण महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर असर डालने के साथ ही जान को जोखिम में डालने का काम करता है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के पास मौजूद बास्केट ऑफ च्वाइस में से अपना मनपसन्द गर्भ निरोधक विकल्प चुनें और अनचाहे गर्भ से बचकर स्वस्थ रहें और घर में खुशहाली लाएं। इसमें पति से लेकर माता–पिता, सास–ससुर और परिवार के अन्य बड़े सदस्यों की भी अहम भूमिका हो सकती है।

महिला स्वास्थ्य के लिए अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई दिवस को हर साल मनाने का मूल उद्देश्य महिलाओं को उनकी सेहत से जुड़े मुद्दों के बारे में पूर्ण रूप से शिक्षित करने के साथ ही उन्हें हर क्षेत्र में सशक्त बनाना है। महिलाओं को भेदभाव, घरेलू हिंसा, जबरदस्ती और उपेक्षा से बचाने के बारे में इस दिवस पर हर किसी का ध्यान आकर्षित किया जाता है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी जरूरी है। इस दिवस पर संकल्प लेने की जरूरत है कि महिलाओं तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच को आसान बनायेंगे। सुरक्षित एवं कानूनी गर्भपात के बारे में शिक्षित बनाएंगे। युवाओं के यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार के साथ ही एचआईवी/एड्स के प्रति भी जागरूकता लायेंगे।

इस दिवस को मनाने की सार्थकता तभी है जब स्वास्थ्य देखभाल पहुंच में लैंगिक असमानता को पूरी तरह से दूर करते हुए महिलाओं को मानसिक स्वास्थ्य, मातृ कल्याण और यौन व प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार के प्रति सशक्त बनाया जाए। महिलाओं और लड़कियों को उच्च शिक्षा तक पहुंचने के लिए उचित और समान अवसर दिया जाए और व्यावसायिक प्रशिक्षण मुहैया कराया जाए। घरेलू हिंसा और संभावित मानव तस्करी पर चर्चा हो। कम उम्र में शादी और शादी के तुरंत बाद गर्भ धारण जैसी सोच को बदला जाए। करियर में उन्नति के लिए समान रास्ते विकसित करने के साथ ही वेतन असमानता को दूर करने की तरफ और पर्याप्त प्रयास हों। देश में आज भी 15 से 49 वर्ष आयुवर्ग की कम ही महिलाएं यौन संबंधों, गर्भनिरोधक साधनों के इस्तेमाल और यौन स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में अपनी पसंद को प्राथमिकता दे पाती हैं। इस तरह इस आयु वर्ग की बहुत सी महिलाओं के पास अब भी यौन और प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी निर्णय लेने का अधिकार नहीं है। इसके लिए जरूरी है कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से इस गंभीर विषय पर एकजुटता के साथ चर्चा की जाए और जागरूकता के उपायों पर विचार किया जाए। कार्यशालाओं आदि के माध्यम से गर्भपात से जुड़ीं भ्रांतियों को दूर किया जाए। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों का इस्तेमाल करते हुए महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता लायी जाए। सफल महिलाओं को सच्ची कहानियों का माध्यम बनाया जा सकता है, जिससे उनके संघर्ष से लेकर सफलता के पायदान को विस्तार से बताया जाए। यह कहानियाँ प्रेरक की भूमिका निभा सकती हैं। प्रचार–प्रसार के अन्य तरीकों जैसे- पोस्टर–बैनर, इलेक्ट्रानिक मीडिया आदि का भी सहारा लिया जा सकता है। ज्ञात हो कि वर्ष 1987 में दक्षिण अफ्रीका में पहली बार इस दिन को महिला स्वास्थ्य के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई दिवस के रूप में मान्यता दी गई थी। तब से हर साल यह दिन महिलाओं और स्वास्थ्य समूहों द्वारा मनाया जाता है। यह यौन अधिकारों, लैंगिकता, प्रजनन अधिकार, स्वास्थ्य आदि की पहचान के लिए एक मंच है।

**(लेखक पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया के एक्जेक्युटिव डायरेक्टर हैं।)**

# स्वराष्ट्र के लिए जो जिए और मरे वही है स्वातंत्र्य वीर सावरकर

डॉ. आनंद सिंह राणा

स्वत्व के आलोक में तप, त्याग और तितिक्षा जैसे गौरवशाली भारतीय मूल्यों को मिट्टी में गूंथकर यदि एक हिंदुत्व की मूर्ति गढ़ी जाए, तो उस मूर्ति का नाम होगा 'वीर विनायक दामोदर सावरकर परंतु वीर सावरकर का नाम आते ही रंगे सियारों और लाल श्वानों में दहशत का वातावरण निर्मित हो जाता है और हृदय की धड़कन तेज हो जाती हैं। कतिपय लोगों की तो हृदय गति ही रुकने लगती है।

प्रकारांतर से वीर सावरकर के स्वतंत्रता संग्राम योगदान और उनकी पवित्र आहुतियों पर बिना विचार विमर्श किए, तथाकथित रंगे सियार और लाल श्वानों की जमात नकारात्मक विचार बनाते हुए आलोचना कर देते हैं, परंतु दुर्भाग्य का विषय यह भी है कि मर्सी पिटिशन का क्या आशय है? और मर्सी पिटिशन क्यों लगाई गई? किसने लगवाई? इसे बिना जाने और समझे यह आरोप मढ़ दिया जाता है कि वीर सावरकर ने माफी मांग ली थी, परंतु सच तो यह है कि गांधी जी ने एक कूटनीतिक चाल के चलते विनायक दामोदर सावरकर को मर्सी पिटीशन के लिए तैयारी करवाई थी क्योंकि गांधी जी असहयोग आंदोलन की सफलता चाहते थे। सच तो भी है, कि वीर सावरकर की दया याचिका पर चर्चा करने का कांग्रेस नेताओं का प्राथमिक उद्देश्य बीते समय में अपनी ही पार्टी के नेताओं मसलन पंडित नेहरू द्वारा दी गई दया याचिका को छिपाना है। ऐसे में एक यक्ष प्रश्न यही उठता है कि केवल सावरकर के माफीनामे का ही क्यों उल्लेख कर उनके प्रति तिरस्कृत व्यवहार किया जाता है? दया याचिका या 'रॉयल क्लेमेंसी' अंग्रेजों द्वारा हिरासत में लिए गए आरोपी द्वारा अपनाई जाने वाली एक प्रक्रिया के अलावा और कुछ नहीं थी यह एक विशिष्ट प्रारूप था, जिसे प्रत्येक हिरासत में लिए गए व्यक्ति को अपनी रिहाई के लिए आवेदन करते वक्त जरूरत पड़ती थी। स्वघोषित इतिहासकार भी इस ऐतिहासिक किंतु शाब्दिक तथ्य से अच्छे से परिचित हैं, फिर भी अपमान और केवल वीर सावरकर का ही किया जाता है।

यदि स्पष्टतः कहा जाए तो वीर सावरकर ने कभी भी अंग्रेजों से माफी नहीं मांगी थी। जिस महापुरुष ने दस साल सेलुलर जेल की अमानवीय यातनाएं सही हों, उसके विषय में 'माफीनामा' या 'दया याचिका' बात करना आश्चर्यजनक लगता है।वास्तविकता यह है कि आज तक हमें जिस माफीनामे के बारे में बताया जाता रहा है, वह केवल एक सामान्य सी याचिका थी, जिसे दाखिल करना राजनीतिक कैदियों के लिए एक सामान्य कानूनी विधान था। पारिख घोष जो कि महान क्रांतिकारी अरविंद घोष के भाई थे, शचीन्द्रनाथ सान्याल, जिन्होंने एच.आर.ए .का गठन किया था, इन सबने भी ऐसी ही याचिकाएं दायर की थीं और इनकी याचिकाए स्वीकार भी हुई थी। जॉर्ज पंचम की भारत यात्रा और प्रथम विश्व युद्ध के बाद पूरी दुनिया में राजनीतिक बंदियों को अपने बचाव के लिए ऐसी सुविधाएं दी गयी थीं।

सावरकर ने अपनी आत्मकथा में लिखा है, 'जब–जब सरकार ने सहूलियत दी, तब–तब मैंने याचिका दायर की'। उन्होंने अपने छोटे भाई नारायण राव को जो पत्र लिखे, उनमें भी अपनी पिटिशन के बारे में लिखा है, कभी कुछ छुपाया नहीं। और अगर आप फिर भी सावरकर को दोषी मानते हैं तो आपको स्वयं अपनी अंतरात्मा से पूछना चाहिए कि एक राजनीतिक बंदी के रूप में, अगर आप निरपराध जेल में बंद हों और सरकार आपको अपना बचाव करने का कोई एक मौका दे दे तो आप क्या करेंगे? क्या आप बंधन से मुक्त होना नहीं चाहेंगे? वीर सावरकर ने भी अपनी याचिका इसीलिए दायर की थी कि कहीं वो भारत माता की स्वतंत्रता के दिव्य यज्ञ में आहुति डालने का कोई मौका चूक न जाएं। कहीं ऐसा न हो कि उनका जीवन जेल की सलाखों के पीछे ही फंसकर समाप्त हो जाए और भारतीय स्वतंत्रता का उनका महालक्ष्य अधूरा रह जाए।

महात्मा गांधी ने भी 1920–21 में अपने पत्र 'यंग इंडिया' में वीर सावरकर के पक्ष में लेख लिखे थे। गांधी जी का भी विचार था कि सावरकर को चाहिए कि वे अपनी मुक्ति के लिए सरकार को याचिका भेजें, इसमें कुछ भी बुरा नहीं है, क्योंकि स्वतंत्रता व्यक्ति का प्राकृतिक अधिकार है। और इसके बाद वीर सावरकर को 1921 में 10 साल की सजा काटने के बाद सेलुलर जेल से रिहा कर दिया गया था। वीर सावरकर वही क्रांतिवीर हैं जिन्हें ब्रितानिया सरकार ने क्रांति के अपराध में काला–पानी का दंड देकर 50 वर्षों के लिए अंडमान की सेलुलर जेल भेज दिया था। 10 साल बाद जब वीर सावरकर काला–पानी की हृदय विदारक यातनाओं को झेलने के बाद जेल से बाहर आए, तब से हमारे देश के कुछ बुद्धिजीवी उनके कृतित्व को भूलकर उन पर अंग्रेज़ों से माफ़ी मांगने का आरोप लगाते रहे हैं। इन सब षड्यंत्रों के बावजूद वीर सावरकर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर किसी प्रकार का प्रश्नचिह्न नहीं लगता है क्योंकि यह सर्वश्रुत है कि सूरज के ओर मुंह करके थूंकने से, थूंक स्वयं के मुख पर आ गिरता है। यही स्थिति रंगे सियारों और लाल श्वानों की है।

आधुनिक भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महामानव और हिंदुत्व के पुरोधा वीर विनायक दामोदर सावरकर के बलिदान दिवस पर आज उनके जीवन के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं से रंगा एक संकलित चित्रफलक प्रस्तुत है। वीर सावरकर पहले क्रांतिकारी देशभक्त थे, जिन्होंने 1901 में ब्रिटेन की रानी विक्टोरिया की मृत्यु पर नासिक में शोक सभा का विरोध किया और कहा कि वह हमारे शत्रु देश की रानी हैं हम शोक क्यों करें? क्या किसी भारतीय महापुरुष के निधन पर ब्रिटेन में शोक सभा हुई है? वीर सावरकर पहले देशभक्त थे जिन्होंने एडवर्ड सप्तम के राज्याभिषेक समारोह का उत्सव मनाने वालों को त्र्यम्बेकश्वर में बड़े–बड़े पोस्टर लगाकर कहा था कि गुलामी का उत्सव मत मनाओ। विदेशी वस्त्रों की पहली होली पुणे में 7 अक्टूबर 1905 को वीर सावरकर ने जलाई थी। वीर सावरकर पहले ऐसे क्रांतिकारी थे जिन्होंने विदेशी वस्त्रों का दहन किया तब बाल गंगाधर तिलक ने अपने पत्र केसरी में उनको शिवाजी के समान बताकर उनकी प्रशंसा की थी। जबकि इस घटना की दक्षिण अफ्रीका के अपने समाचार पत्र 'इंडियन ओपिनियन' में गांधी जी ने निंदा की थी।

सावरकर द्वारा विदेशी वस्त्र दहन की इस प्रथम घटना के 16 वर्ष बाद गांधीजी उनके मार्ग पर चले और 11 जुलाई 1921 में मुंबई के परेल में विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया। वीर सावरकर पहले भारतीय थे, जिनको 1905 में विदेशी वस्त्र दहन के कारण पुणे के फर्ग्युसन कॉलेज से निकाल दिया गया और 10 रुपये का जुर्माना किया। इसके विरोध में हड़ताल हुई स्वयं तिलक जी ने केसरी पत्र में सावरकर के पक्ष में संपादकीय लिखा। वीर सावरकर ऐसे बैरिस्टर थे जिन्होंने 1909 में ब्रिटेन में परीक्षा पास करने के बाद ब्रिटेन के राजा के प्रति वफादार होने की शपथ नहीं ली इस कारण उन्हें बैरिस्टर होने की उपाधि का पत्र कभी नहीं दिया गया। वीर सावरकर पहले ऐसे लेखक थे जिन्होंने अंग्रेजों द्वारा गदर कहे जाने वाले संघर्ष को सन 1857 का स्वातंर्त्य समर नामक ग्रंथ लिखकर सिद्ध कर दिया। वीर सावरकर ऐसे क्रांतिकारी लेखक थे जिनके लिखे सन 1857 का स्वातंर्त्य समर पुस्तक पर ब्रिटिश संसद में प्रकाशित होने से पहले प्रतिबंध लगाया था।

सन 1857 का स्वातंर्त्य समर विदेशों में छपा और भारत में भगत सिंह ने इसे छपवाया था। जिसकी एक–एक प्रति 300 रुपये में बिकी थी। यह पुस्तक भारतीय क्रांतिकारियों के लिए पवित्र गीता थी। पुलिस छापों में देशभक्तों के घरों में यही पुस्तक मिलती थी। वीर सावरकर पहले क्रांतिकारी थे जो समुद्री जहाज में बंदी बनाकर ब्रिटेन से भारत लाते समय 8 जुलाई 1910 को समुद्र में कूद पड़े थे और फ्रांस पहुंच गए थे। वीर सावरकर विश्व के पहले क्रांतिकारी और भारत के राष्ट्रभक्त थे जिनका मुकदमा अंतरराष्ट्रीय न्यायालय हेग में चला, परंतु ब्रिटेन और फ्रांस की मिलीभगत के कारण उनको न्याय नहीं मिला और बंदी बनाकर भारत लाया गया। वीर सावरकर विश्व के पहले क्रांतिकारी और भारत के पहले राष्ट्रभक्त थे जिन्हें अंग्रेजी सरकार ने दो आजन्म कारावास की सजा सुनाई थी। सावरकर पहले ऐसे देश भक्त थे, जो दो जन्म की कारावास की सजा सुनते ही हंसकर बोले चलो ईसाई सत्ता ने हिंदू धर्म के पुनर्जन्म के सिद्धांत को मान लिया। वीर सावरकर पहले राजनीतिक बंदी थे जिन्होंने काला पानी की सजा के समय 10 साल से भी अधिक समय तक स्वतंत्रता के लिए कोल्हू चलाकर 30 पौंड तेल प्रतिदिन निकाला। वीर सावरकर काला पानी में पहले ऐसे कैदी थे जिन्होंने काल कोठरी की दीवारों पर कंकर कोयले से कविताएं लिखीं और 6000 पंक्तियां याद रखीं। वीर सावरकर पहले देशभक्त लेखक थे जिनकी लिखी हुई पुस्तकों पर आजादी के बाद कई वर्षों तक प्रतिबंध लगा रहा। वीर सावरकर पहले विद्वान लेखक थे जिन्होंने हिंदू को परिभाषित करते हुए लिखा कि 'आसिंधु सिंधुपर्यंता यस्य भारत भूमिकाः पितृभूः पुण्यभूमिश्चेव स वै हिंदुरितीस्मृतः' अर्थात समुद्र से हिमालय तक भारत भूमि जिसकी पितृभू है, जिसके पूर्वज यही पैदा हुए हैं व यही पुण्य भू है, जिसके तीर्थ भारत में ही हैं वही हिंदू है। वीर सावरकर प्रथम राष्ट्रभक्त थे जिन्हें अंग्रेजी सत्ता ने कई वर्षों तक जेल में रखा तथा आजादी के बाद 1948 में नेहरू सरकार ने गांधीजी के वध की आड़ में लाल किले में बंद रखा। परंतु न्यायालय द्वारा आरोप झूठे पाए जाने की बाद ससम्मान रिहा कर दिया। देसी–विदेशी दोनों सरकारों को उनके राष्ट्रवादी विचारों से डर लगता था। वीर सावरकर पहले क्रांतिकारी थे जब 26 फरवरी सन 1966 को उनका स्वर्गारोहण हुआ तब भारतीय संसद में कुछ सांसदों ने शोक प्रस्ताव रखा तो यह कहकर रोक दिया गया कि वे संसद सदस्य नहीं थे। जबकि चर्चिल की मौत पर शोक मनाया गया था।

वीर सावरकर पहले क्रांतिकारी राष्ट्रभक्त स्वातंर्त्यवीर थे जिनके मरणोपरांत 26 फरवरी 2003 को उसी संसद में मूर्ति लगी जिसमें कभी उनके निधन पर शोक प्रस्ताव भी रोका गया था। वीर सावरकर ऐसे पहले राष्ट्रवादी विचारक थे जिनके चित्र को संसद में लगाने से रोकने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति को पत्र लिखा लेकिन तत्कालीन राष्ट्रपति अब्दुल कलाम ने सुझाव पत्र नकार दिया और वीर सावरकर के चित्र का अनावरण राष्ट्रपति के कर कमलों से किया गया। वीर सावरकर ऐसे राष्ट्रभक्त हुए जिनके शिलालेख को अंडमान की सेल्युलर जेल के कीर्ति स्तंभ से यूपीए सरकार के मंत्री मणिशंकर अय्यर ने हटवा दिया था और उसकी जगह गांधीजी का शिलालेख लगवा दिया था। वीर सावरकर ने 10 साल आजादी के लिए काला पानी में कोल्हू चलाया था जबकि गांधी जी ने काला पानी की उस जेल में कभी 10 मिनट भी चरखा नहीं चलाया था।

महान स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी देशभक्त उच्च कोटि के साहित्य के रचनाकार, हिंदी – हिंदू- हिंदुस्तान के मित्र दाता, हिंदुत्व के सूत्रधार वीर विनायक दामोदर सावरकर पहले ऐसे भव्य- दिव्य पुरुष, भारत माता के सच्चे सपूत थे जिनसे अंग्रेजी सत्ता भयभीत थी, स्वाधीनता के बाद नेहरू की कांग्रेस सरकार भयभीत थी। परंतु श्रीमती इंदिरा गाँधी वीर सावरकर की प्रशंसक थीं। वीर सावरकर मां भारती के पहले सपूत थे जिन्हें जीते जी और मरने के बाद भी आगे बढ़ने से रोका गया। परंतु आश्चर्य की बात यह है कि इन सभी विरोधियों के घोर अंधेरे को चीरकर आज वीर सावरकर के राष्ट्रवादी विचारों का सूर्योदय हो रहा है। जयंती पर शत्शृत नमन है।

**(लेखक, इतिहास के प्राध्यापक एवं इतिहास संकलन समिति महाकौशल प्रांत उपाध्यक्ष हैं।)**

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर श्रीगंगानगर पुलिस की एक और बड़ी कार्रवाई

# 'ऑपरेशन सीमा संकल्प' के तहत अवैध मादक पदार्थों के तस्कर के सरकारी व्यवसायिक भूमि पर अतिक्रमण को किया ध्वस्त

## पड़ौस में सरकारी भूमि पर बना रखा था कमरा व अहाता, करीब 1 करोड़ रुपए है कीमत

चमकता राजस्थान

**जयपुर/श्रीगंगानगर, (खलील कुरैशी) 27 मई।** प्रदेश में नशाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण एवं उन्नमूलन के लिए पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर गत 15 मई से संचालित विशेष अभियान में करोड़ों रुपये के मादक पदार्थों की जब्ती, इनकी तस्करी से जुड़े अपराधियों की धरपकड़ के साथ ही अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से मोटी कमाई करने वाली तस्करों की सम्पति को फ्रीज करने और उनके सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को ध्वस्त करने जैसी कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है। श्रीगंगानगर जिले में लगातार दूसरे दिन जिला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जवाहर नगर थाना पुलिस के जरिए तस्कर आकाश उर्फ बिल्ला पुत्र किशन निवासी छजगरिया मोहल्ला के सरकारी व्यावसायिक भूमि पर अतिक्रमण कर बनाए गए कमरे और अहाते को सोमवार को ध्वस्त करते हुए इसे सरकारी भूमि को कब्जे से मुक्त कराया गया। इस परिसम्पति की कीमत करीब एक करोड़ रुपये है, इसी कमरे से मादक पदार्थों के






### इसी कमरे से नशेड़ियों को हेरोइन (चिट्टा) बेचता, सेवन के लिए उपलब्ध कराता

तस्कर द्वारा नशेड़ियों को हेरोइन (चिट्टा) बेचने एवं सेवन करने के लिए उपलब्ध कराने की अवैध गतिविधियों का संचालन किया जा रहा था।एसपी गौरव यादव ने बताया कि पुलिस मुख्यालय से मिले निर्देश पर श्रीगंगानगर जिले को नशा मुक्त बनाने एवं युवाओं को नशे के दलदल से बाहर निकालने के लिये जिला प्रशासन व जिला पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से 'ऑपरेशन सीमा संकल्प' चलाया जा रहा है। इसके तहत एएसपी बी. आदित्य के नेतृत्व में जवाहर नगर थाना पुलिस द्वारा सरकारी व्यवसायिक भूमि से अवैध मादक पदार्थों के तस्कर आकाश उर्फ बिल्ला के अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत एसएचओ जवाहर नगर को सूचना मिली कि तस्कर आकाश उर्फ बिल्ला ने अपने घर के पड़ोस में सड़क व सरकारी भूमि पर कब्जा कर अवैध कमरा बना रखा है। इस सूचना की तस्दीक की गई तो सामने आया कि मीरा चौक से मौसम विभाग मुख्य रोड पर छजगरिया मोहल्ला व गुरु हरिकिशन नगर कॉलोनी की दीवार के कॉर्नर पर करीब 1 करोड़ रुपए कीमत की सरकारी भूमि पर तस्कर आकाश उर्फ बिल्ला ने अतिक्रमण कर एक कमरा व अहाता बना रखा है।एसपी यादव ने बताया कि आकाश उर्फ बिल्ला के विरुद्ध श्रीगंगानगर जिले के सदर एवं जवाहर नगर थाने में दो एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण सहित कुल 9 अपराधिक प्रकरण दर्ज है। इसने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर जो कमरा बना रखा है वह उसे अवैध मादक पदार्थ चिट्टे के भंडारण, विक्रय तथा लोगों को सेवन करवाने के लिए उपयोग करता है।इस संबंध में प्राप्त शिकायत पर जिला पुलिस द्वारा नगर परिषद से समन्वय स्थापित किया गया। सोमवार को एएसपी शहर बी. आदित्य आईपीएस के नेतृत्व में प्रोबेशनर आईपीएस विनय कुमार डीएच व एसएचओ जवाहर नगर देवेन्द्र सिंह मय टीम एसआई नरेश कुमार व राजकुमार, कांस्टेबल विकास, हरदेव, भरत लाल, विरेन्द्र एवं दलीप एवं नगर परिषद की टीम मौके पर पहुंची। आरोपी द्वारा अतिक्रमण कर बनाए अवैध कमरे व अहाते को जेसीबी की मदद से हटा दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का 31 मई तक करवाए सत्यापन, अन्यथा पेंशन होगी बंद

**चमकता राजस्थान। वैर (राजवीर सिंह)** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों का वार्षिक सत्यापन 31 मई तक पूर्ण करवाया जाना है सत्यपान के अभाव में पेंशनर्स के भुगतान को भी रोका जा सकता हैछात्रावास के अधीक्षक राजवीर सिंह ने बताया कि पेंशनर्स के द्वारा प्रतिवर्ष 31 दिसंबर तक भौतिक सत्यापन करवाया जाना है लेकिन सत्यापन पूर्ण नही होने पर विभाग ने सत्यापन तिथि बढ़ाकर 31 मई कर दी है वैर ब्लॉक में कुल 2354 ग्रामीण क्षेत्र में एवं 55 शहरी क्षेत्र में एवं भुसावर ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र में 2569 एवं शहरी क्षेत्र में 268 पेंशनर्स सत्यापन से शेष है

उन्होंने बताया कि वार्षिक सत्यापन के लिए इमित्रा पर जाकर फिंगर प्रिंट से सत्यापन करवाया जाना सुनिश्चित करे या फिंगर प्रिंट नही आने पर उपखंड अधिकारी/विकास अधिकारी कार्यालय में आधार से जुड़े ओटीपी भी सत्यापन करवाया जाना सुनिश्चित करें लाभार्थी स्वयं के एंड्रॉय फोन से घर पर ही सत्यापन कर सकता है जिसके लिए उसे rajssp app play stor से डाउनलोड करना पड़ेगा सभी पेंशनर को सूचित किया जाता है 31 मई तक सत्यापन ना करवाने पर आपकी पेंशन रोकी जा सकती है।

बाड़मेर जिले में रागेश्वरी पुलिस की कार्रवाई

### रात के समय गश्त के दौरान दो युवकों को 131.29 ग्राम स्मैक सहित पकड़ा

- मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त के सम्बन्ध में पूछताछ जारी



**चमकता राजस्थान। जयपुर/बाड़मेर,!(खलील कुरैशी) 27 मई।** बाड़मेर जिले की रागेश्वरी थाना पुलिस की टीम ने रविवार रात गश्त के दौरान सड़क पर संदिग्ध अवस्था में खड़े दो युवकों को 131.29 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त फरोख्त एवं इनके नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही हैएसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि पुलिस मुख्यालय एवं आईजी रेंज के निर्देश पर जिले में नशाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण एवं उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नाजिम अली के निर्देशन एवं सीओ सुखाराम विश्नोई के सुपरविजन में एसएचओ रागेश्वरी आदेश कुमार मय टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ आरोपी श्रवण कुमार मेगवाल पुत्र मगाराम निवासी मीठीबेरी थाना गुड़ामालानी एवं मूलाराम बिश्नोई पुत्र रामाराम निवासी रावलीनाडी नगर थाना आरजीटी को गिरफ्तार किया है।एसपी मीना ने बताया कि एसएचओ आदेश कुमार मय टीम के रविवार रात गश्त करते हुए गोलिया गर्वा गांव के पास पहुंचे। जहां सड़क पर दो व्यक्ति श्रवण कुमार और मूलाराम सन्दिग्ध अवस्था में खड़े थे। जिन्हें डिटेन कर तलाशी ली गई तो इनके पास से 131.29 ग्राम स्मैक मिली। इस पर एनडीपीएस एक्ट में दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिनसे थाना पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है।

## ग्राहक के विश्वास व माल की गुणवत्ता से प्रतिष्ठान की पहचान : सत्येन्द्र शुक्ला

- किसान संगोष्ठी में बाजरा बुबाई व रोग की रोकथाम के सिखाए गुर
- हाईब्रिड बाजरा बीज दी जानकारी

चमकता राजस्थान



**हलैना,(राजवीर सिंह)** क्रिस्टल कम्पनी के द्वारा कस्वा हलैना स्थित प्राचीन श्री वीर हनुमान आश्रम पर उपखण्ड वैर-भुसावर स्तरीय किसान गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें कम्पनी के अधिकारी व कृषि विशेषज्ञ आदि ने हाईब्रिड बाजरा बीज,बाजरा की बुवाई,खाद के उपयोग एवं रोग के रोकथाम आदि ज्ञान दिया। साथ ही किसानों को आधुनिक खेती एवं हाईब्रिडब ाजरा9001,9190,9180,9010 किस्म की पैदावार,चारा व उत्पादन आदि की जानकारी दी। कम्पनी के मार्केट मैनेजर सत्येन्द्र शुक्ला ने कहा कि किसान व ग्राहक के विश्वास एवं माल की गुणवक्ता से ही प्रतिष्ठान,कम्पनी एवं संस्थान की पहचान कायम रहती है। सर्व प्रथम हमे ग्राहक व किसान आदि का विश्वास कायम करने के लिए अच्छी किस्म के बीज,खाद,किट नाशक दवा आदि उपलब्ध कराना चाहिए। उन्होने कहा कि क्रिस्टल कम्पनी का उद्देश्य लाभ प्राप्ति करना ही नही है,मुख्य उद्देश्य किसान की खेती की पैदावार च आर्थिक आय बढाना है। कम्पनी के द्वारा समय-समय पर किसान सम्मेलन, प्रशिक्षण,गोष्ठी,भ्रमण आदि का आयोजन करा कर उन्हे आधुनिक खेती ज्ञान,हाईब्रिड बाजरा बीज आदि की जानकारी दिलाना और देष-विदेश के प्रगतिशील किसानों के फार्म का भ्रमण करा कर खेती फसल व प्रगतिशील किसानों सहित क्रिस्टल कम्पनी के कृषि विशेषज्ञ व अधिकारी आदि से रू-ब-रू कराना है। उन्होने कहा कि क्रिस्टल कम्पनी ने हाईब्रिड बाजर ाबीज9001,9190,9180,9010 बाजार के माध्यम से किसानों तक पहुंचाया गया। ये सभी किस्म एक चमत्कारिक बीज है। ये किस्में कम लागत,कम मेहनत,कम आकार की खेती में अधिक पैदावार,स्वाद में स्वादिष्ट और अच्छी गुणवक्ता बाला बाजरा है। कम्पनी के जोनल बिजनिस मैनेजर दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि क्रिस्टल कम्पनी के हाईबिड बाजरा की साल 2023 में करीब 9 हजार टन ब्रिकी हुई,जिसमें से भरतपुर जिले में सर्वाधिक बुवाई हुई। हाईब्रिड बाजरा 9001 ने देष में ही नही विदेश में पैदावार,स्वाद,चारा आदि के क्षेत्र में पहचान कायम की और कम्पनी का बाजरा बुवाई में भारत में पहला स्थान प्राप्त किया। उन्होने कहा कि राजस्थान, उत्तरप्रदेश, मध्यपद्रेश व हरियाणा प्रान्त में बाजरा की सर्वाधिक खेती होती है। साथ ही देश के कई अन्य प्रान्तों में भी बाजरा बोया जाता है। कम्पनी के रिजनल मैनेजर यातेन्द्र सिंह ने कहा कि क्रिस्टल कम्पनी ने उच्च किस्म के हाईब्रिड बाजरा बीज तैयार करा कर बाजरा बीज जगत में पहचान कायम की और किसानों का विश्वास कायम किया। उन्होने कहा कि क्रिस्टल कम्पनी का हाईब्रिड बाजरा 9001 बीज की सर्वाधिक मांग आती है और भारत में सबसे ज्यादा इसी की बुवाई एवं बिक्री होती है। उन्होने कहा कि क्रिस्टल कम्पनी ने साल 2024 में 10 हजार टन से अधिक हाईब्रिड बीज किसानों को उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है,जो लक्ष्य विक्रेताओं के माध्यम से शत प्रतिशत पूरा होगा। उन्होने कहा कि कम्पनी ने हाईब्रिड बाजरा 9010 एवं 9190 बीज तैयार कराया है,जो किसानों को बुवाई करने को दिया जाऐगा। क्रिस्टल कम्पनी के डीलर महेश चन्द गर्ग व मुकेश गुप्ता ने क्रिस्टल कम्पनी के हाईब्रिड बाजरा बीज एवं आधुनिक खेती की जानकारी दी। संगोष्ठी में कम्पनी के प्रतिनिधी पिंटू गुर्जर,नटवर चौधरी आदि ने भी हाईब्रिड बाजरा बीज की जानकारी दी।

### कोटपुतली में स्थित एन.एच.ए.आई. का लेखाकार (संविदाकर्मी), 17 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथो गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 27 मई, सोमवार।** ए.सी.बी.मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की एस.आई.डब्ल्यू. जयपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये ओमप्रकाश मीणा, लेखाकार (संविदाकर्मी), एस.डी.एम. कोटपूतली कार्यालय में स्थित एन.एच.ए.आई. कार्यालय, जिला कोटपुतली को परिवादी से 17 हजार रूपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. जयपुर की एस.आई.डब्ल्यू. इकाई को परिवादी द्वारा



शिकायत दी गई कि उसकी भूमि अवाप्ति के मामले में मुआवजा राशि दिलवाने के एवज में ओमप्रकाश मीणा, लेखाकार (संविदाकर्मी), एस.डी.एम. कोटपुतली कार्यालय में स्थित एन.एच.ए.आई. कार्यालय, जिला कोटपुतली द्वारा 17 हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस रणधीर सिंह के सुपरविजन में एसीबी जयपुर की एस.आई.डब्ल्यू. इकाई के अति. पुलिस अधीक्षक ललित किशोर शर्मा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उप अधीक्षक पुलिस सुरेन्द्र पंचोली एवं कविता यादव, पुलिस निरीक्षक मय टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुए ओमप्रकाश मीणा, लेखाकार (संविदाकर्मी), एस.डी.एम. कोटपुतली कार्यालय में स्थित एन. एच.ए.आई. कार्यालय, जिला कोटपूतली को परिवादी से 17 हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया है।एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस रणधीर सिंह के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की हैल्पलाईन नं. 1064 एवं हँ३रंस्त्रस्त्र हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 247 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद

जयपुर ग्रामीण में 6 लाख से अधिक परिवारों के 24 लाख से अधिक लाभांवितों को करवानी होगी ई-केवाईसी

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित पात्र परिवारों को 30 जून तक करवानी होगी ई-केवाईसी

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 27 मई।** जिला रसद अधिकारी, जयपुर ग्रामीण अनुराधा गोगिया ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पात्र लाभार्थियों को ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य होगा। निर्णय की अनुपालना में जिला जयपुर ग्रामीण के लगभग 6 लाख लाख से अधिक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित पात्र परिवारों को राशन के गेहूं लेने के लिए 30 जून तक ई-केवाईसी करानी होगी।उन्होंने बताया कि जिला जयपुर ग्रामीण में कुल 6 लाख 13 हजार 994 लाभांवित योजना से जुड़े हैं। जिनके 24 लाख 98 हजार 674 सदस्यों की ई-केवाईसी होनी है। इसके अभाव में 30 जून के बाद गेंहू प्राप्त करने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इसके लिए जिले की 1 हजार 168 राशन दुकानों के डीलर को इन सभी लाभार्थियों की ई-केवाईसी करनी है। इसके लिए विभाग ने गेहूं वितरण के दौरान पोस मशीन में आवश्यक बदलाव किए हैं। जिससे संबंधित डीलर अपने यहां गेहूं लेने पहुंचने वाले सदस्य के साथ उसके परिवार के अन्य सदस्यों की ई-केवाईसी पोस मशीन के माध्यम से भी कर सकें। गोगिया ने बताया कि खाद्य सुरक्षा के लाभार्थियों की ई-केवाईसी कराने के लिए उचित मूल्य दुकान पर प्रदत पोस मशीन मे आवश्यक प्रावधान किए जा चुके हैं। डीलर को इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए संपूर्ण जानकारी सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों और विभाग की साइट से दी गई। उन्होंने उचित मूल्य दुकानदारों को निर्देशित किया कि वे खाद्य सुरक्षा पात्र लाभार्थियों को गेहूं वितरण के साथ ही पोस मशीन से पात्र लाभार्थियों की ई-केवाईसी करें, ताकि 30 जून तक यह प्रक्रिया शत-प्रतिशत हो सके।उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से वंचित पात्र लोगों को जोड़ने के लिए निर्धारित प्रक्रिया अपनाई जाती है। जिससे उन्हें भी इस योजना का लाभ मिले। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी से फर्जीवाड़े पर रोक लगेगी, जिन लोगों ने गलत आधार नम्बर से अपना नाम जुड़वा लिया ऐसे अपात्र योजना से बाहर होंगे, जिससे अन्य पात्र व्यक्ति को इसका लाभ मिलेगा। योजना से जुड़े परिवार के सभी सदस्यों को अपने आधार कार्ड के साथ ई-केवाईसी जरूरी है, इसके लिए सभी को दुकान तक पंहुचना होगा। यदि कोई सदस्य यहां मौजूद नही है उनकी ई-केवाईसी का कार्य राज्य में किसी भी राशन की दुकान पर अपना आधार कार्ड ले जाकर केवाईसी करवा सकता है जिससे की वह व्यक्ति राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से बाहर नहीं हो। 30 जून तक ई-केवाईसी नहीं होने के कारण गेंहू नहीं मिलेगा और ऐसे लाभांवित योजना से बाहर भी हो सकते है।

## संक्षिप्त समाचार

### जन्मदिवस पर की बंदर, मूंक पशु, पक्षियों की सेवा



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण)** बाड़ी शहर से लगभग 50 किलोमीटर दूर तपेश बंसल के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर उनके पिताजी आशीष बंसल के आर्थिक सहयोग से इच्छापूर्ति फाउंडेशन द्वारा आज बंदर, लंगूर मूक पशु पक्षियों की सेवा की। हिंदू सनातन संस्कृति के अनुसार अपने जन्मदिन पर पाश्चात्य संस्कृति अनुसार केक ना काटकर हनुमान जी को दिल में स्मरण करते हुए, आशीष बंसल ने अपने पुत्र के 13वे जन्म दिवस के शुभ अवसर पर बंदर बाबा एवं लंगूर बाबा को चना, केला, एवं रोटियां खिलाई। इसके लिए आशीष बंसल ने सूर्य उदय से पूर्व उठकर फल मंडी में जाकर बंदरों के लिए केला खरीदे एवं सूर्यउदय से पूर्व बंदरों के लिए रोटियां बनवाई। प्रातः बेला में केला एवं रोटिया लेकर बंदर बाबा एवं लंगूर को भोजन कराया उनके बाद पानी पिलाया। इस अवसर पर नेशनल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर आशीष बंसल ने कहा की अपने बेटे के जन्मदिन दिवस पर बंदर बाबा की सेवा कर मुझे मन में बहुत शांति प्राप्त हुई है, हर किसी को अपने जन्म दिवस या शादी की सालगिरह के अवसर पर वन्य जीव प्राणी गौ माता बंदर बाबा की सेवा करनी चाहिए।यह बहुत ही पुण्य का काम है। आज की सेवा के समय इच्छापूर्ति फाउंडेशन के फाउंडर रामकुमार उर्फ रामू चौधरी,विदित बंसल, आशीष बंसल नेशनल पब्लिक स्कूल, तपेश बंसल, दिया बंसल आदि उपस्थित थे।

### बसेड़ी विधायक के समर्थकों ने किया प्रदर्शनः

- सरमथुरा थाना प्रभारी को निलंबित करने की मांग



**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण )** बसेड़ी विधायक संजय जाटव के समर्थन में स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन करते हुए, ।सरमथुरा थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम बसेड़ी के जरिए पत्र भेजा है मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में बसेड़ी विधायक के समर्थकों ने बताया है ज़िन्दगी कि सरमथुरा थाना प्रभारी जनता की समस्याओं को सुनने के बजाय क्षेत्र में दादागिरी के साथ क्षेत्र में भय और आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं। पत्र में बताया, गया है कि थाना प्रभारी लोगों को सट्टे और शराब के झूठे केस में फंसाकर शारीरिक प्रताड़ना देते हैं। जिसका विरोध संजय जाटव द्वारा किया गया। पत्र में विधायक के समर्थकों ने बताया कि जब विधायक संजय जाटव ने थाना प्रभारी गौरव कुमार सेन को क्षेत्र में अवैध गतिविधियां रोकने के लिए कहा,तो थाना प्रभारी ने विधायक को झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में बताया गया है कि थाना प्रभारी द्वारा धमकी दिए जाने के बाद शराब माफिया के जरिए विधायक पर मारपीट का झूठा मामला दर्ज करा दिया गया। विधायक के समर्थन में उपखंड अधिकारी सरमथुरा के जरिए मुख्यमंत्री के नाम भेजे गए पत्र में विधायक समर्थकों ने थाना प्रभारी को निलंबित करने की मांग करते हुए क्षेत्र में अवैध गतिविधियों को रोकने की भी मांग की है।

### बसेड़ी विधायक पर दर्ज मामले के खिलाफ कई संगठन के लोगों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)** जिला धौलपुर में दिनांकः 27/05/24 को बसेड़ी विधानसभा संजय कुमार टछअ हमेशा सत्यता के साथ खड़े रहते हैं और कहीं अन्याय होता है, तो बसेड़ी विधायक तुरंत आवाज उठाते हैं, तथा इस आवाज को दबाने के लिए उन पर झूठे आरोप लगाए गए हैं महामहिम राज्यपाल राजस्थान सरकार/ मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार को आज ज्ञापन दिया गया। जिसका विषय धौलपुर जिले के सरमथुरा थाना प्रभारी गौरव कुमार के द्वारा आमजन एवं जनप्रतिनिधि की उपेक्षा करना, सामान्य शिष्टाचार का ध्यान नहीं रखने, एवं शराब माफिया ,तस्करों, जुआ सट्टा एवं असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर क्षेत्र में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना, तथा क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार को शराब माफियों से मिलकर मनगड़न्त एवं झूठा केश बनाकर ऋक्षक्ष दर्ज करना तथा आमजन में भय व्याप्त करने तथा थाना अधिकारी सरमथुरा गौरव कुमार की कार्य शैली के विरुद्ध थाना प्रभारी गौरव कुमार पर कार्यवाही करने बाबत ।सर्व समाज धौलपुर नागरिकों द्वारा धौलपुर कलेक्टर को दिया ज्ञापन!(1) बौद्ध महासभा जिला धौलपुर(2).संत गाडगे रजक समाज सेवा समिति धौलपुर प्रहलाद रजक (3) बाल्मीकि समाज जिला धौलपुर के कार्यकर्ता एवं सर्व समाज मौजूद रहा!

## करौली जिले में थाना नई मंडी हिंडौन सिटी की कार्रवाई

# दस-दस हजार के दो इनामी जयपुर के मानसरोवर इलाके से गिरफ्तार

### आंगनवाड़ी सहायिका ने छेड़छाड़ व मारपीट से आहत होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी

चमकता राजस्थान

**जयपुर/करौली!(खलील कुरैशी)** 27 मई। करौली जिले में हिंडौन सिटी के नई मंडी थाना इलाके में छेड़छाड़ व मारपीट से आहत होकर आंगनबाड़ी सहायिका द्वारा आत्महत्या कर लेने के मामले में थाना पुलिस की टीम द्वारा जयपुर के मानसरोवर इलाके में निधि विहार से फरार चल रहे दस-दस हजार रुपये के दो इनामी विक्रम सिंह जाटव पुत्र भरोसी जाटव निवासी हरि नगर थाना नई मंडी एवं सोनू उर्फ सोहन जाटव पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी होरियापाड़ा थाना मण्डरायल को गिरफ्तार कर लिया है।एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि 15 मई की सुबह 9 बजे थाना नई मंडी इलाका निवासी आंगनवाड़ी सहायिका एक युवती के साथ आरोपी विक्रम सिंह, विनोद, सोनू उर्फ सोहन व हेमेंद्र जाटव द्वारा कार्य स्थल एवं घर पर छेड़छाड़ व मारपीट की घटना की गई। पीड़िता की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।

इसके बाद भी आरोपी पीड़िता को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से डरा-धमका रहे थे। जिससे आहत होकर उसी शाम करीब 7:00 बजे पीड़ित युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती के पिता की रिपोर्ट पर चारों नामजद आरोपियों के विरुद्ध छेड़छाड़ मारपीट एवं आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का मुकदमा दर्ज किया गया।एसपी उपाध्याय ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उप निरीक्षक सोहन सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। विशेष टीम द्वारा पूर्व में आरोपी हेमेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। घटना के बाद से फरार चल रहे हैं शेष तीनों आरोपियों विक्रम सिंह, विनोद व सोनू उर्फ सोहन की गिरफ्तारी पर उनके कार्यालय से 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया।शनिवार को गठित टीम द्वारा जयपुर के मानसरोवर में निधि विहार इलाके से फरार चल रहे आरोपी विक्रम सिंह जाटव व सोहन उर्फ सोनू जाटव को गिरफ्तार किया गया। घटना में शामिल चौथे आरोपी विनोद की पुलिस तलाश कर रही है।



# जखोड़ा के सुभाष चन्द्र खटाणा बने जिला अध्यक्ष

## उदावास के शहीद स्मारक पर 73 वीरों को दी श्रद्धांजलि

चमकता राजस्थान

झुंझुनूं । (सुमेर सिंह राव) रविवार को उदावास गांव में स्थित भगवान देवनारायण मंदिर परिसर में गुर्जर अधिकारी कर्मचारी कल्याण परिषद के पुर्व जिला अध्यक्ष भोलाराम गुर्जर के आह्वान पर एक कमेटी का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में गुर्जर आरक्षण आंदोलन के दौरान 73 वीरों की शहादत के उपलक्ष में बने गुर्जर शहीद स्मारक पर समाज के गणमान्य लोगों ने गुर्जर आरक्षण आंदोलन में शहीद हुए 73 वीरों को हवन में आहुतियां देकर पुष्प चक्र एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि समाज के 73 वीरों की शहादत ने समाज को बहुत कुछ सिखाया है। इनकी शहादत को व्यर्थ नहीं जाने दिया जायेगा ।जिसके बाद मिटिंग का आयोजन किया गया। जखोड़ा



के सुभाष चन्द्र खटाणा को जयपुर प्रांतीय अधिकारियों की मोजुदगी में सर्वसहमति से अध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष खटाणा ने सम्पूर्ण कार्यकारिणी तथा दुर दराज से आये गणमान्य लोगों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि संगठन के द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसको पुर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निभाना ही मेरा प्रथम लक्ष्य है । राजेश खटाणा किशोरपुरा ने बताया कि मिटिंग के दौरान जयपुर के दुर्गापुरा में गुर्जर समाज के निर्माणाधीन छात्रावास में सहयोग के रूप में 1 लाख रुपए धीरसिंह धाबाई एसोसिएट प्रोफेसर,एक कमरा निर्माण प्रदेश उपाध्यक्ष पीडी गुर्जर,1 लाख रुपए झुंझुनूं जिला अध्यक्ष सुभाष चन्द्र खटाणा,1 लाख रुपए मनिष गुर्जर नवलगढ़,51 हजार रुपए पुर्व जिला अध्यक्ष भोलाराम गुर्जर,51 हजार रुपए नाहर सिंह चारणवास,11 हजार रुपए धन सिंह गुर्जर ने देने की घोषणा की है । इस अवसर पर देवनारायण मंदिर के महन्त बच्चनाराम गुर्जर, गुर्जर अधिकारी कर्मचारी कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष पीडी गुर्जर, प्रदेश महासचिव हंसराज गुर्जर पूर्व जिला अध्यक्ष अर्जुन लाल गुर्जर,देवसेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर केसरीपुरा,अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना नीमकाथाना जिला अध्यक्ष राजेश खटाणा किशोरपुरा,ख्यालीराम गुर्जर सीकर, जसवीर गुर्जर भरतपुर,प्रकाश गुर्जर अडुका,नाहरसिंह गुर्जर,धन सिंह गुर्जर,बीरबल सिराधना बुडानिया, हवलदार मक्खन दौराता बुडानिया,मनीष कुमार गुर्जर नवलगढ़,नरपत सिंह धाबाई चिड़ावा,प्रभु राम गुर्जर निराधनूं, राकेश कुमार किशोरपुरा सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे ।

### ट्रांसजेंडर नूर शेखावत को पहला (ओ.बी.सी) अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र जारी

- उपखण्ड अधिकारी, जयपुर (प्रथम) राजेश जाखड़ ने सौंपा प्रमाण पत्र



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 27 मई।** प्रदेश के ट्रांसजेंडर समुदाय को राजस्थान राज्य की अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल किया गया है। जिसके बाद सोमवार को जिला कलक्ट्रेट परिसर में ट्रांसजेंडर नूर शेखावत को अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र जारी किया गया है। उपखण्ड अधिकारी, जयपुर (प्रथम) राजेश जाखड़ ने नूर शेखावत को प्रमाण पत्र सौंपा ।जाखड़ ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा उभयलिंगी (ट्रांसजेंडर) को अन्य पिछड़ा वर्ग केटेगरी के 92 नंबर पर शामिल किया गया है जिसके बाद अब ट्रांसजेंडर समुदाय के लोग अपना पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र नियमानुसार बनावा सकते हैं।

### सरमथुरा थाना प्रभारी के खिलाफ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उपखण्ड अधिकारी बाड़ी को सौपा ज्ञापन



**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)** बाड़ीबसेड़ी विधायक संजय जाटव पर झूठे मुकदमा दर्ज किया जाने को लेकर समस्त कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम एसडीएम बाड़ी राधेश्याम मीणा को ज्ञापन सौंपा, जिसमें न्यायिक जांच की मांग करते हुए ज्ञापन दिया गया, ज्ञापन में बाड़ी विधानसभा प्रत्याशी प्रशांत सिंह परमार, ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीना, पार्षद राजकुमार भारद्वाज, पूर्व नगर अध्यक्ष रामसेवक अजर , लाखन सिंह यादव, कांग्रेस सेवादल जिला महासचिव रोशनी शिवहरे, राम अवतार, शर्मा, अनिल अरेला, छुट्टन रिजवी, योगेश अग्रवाल, पार्षद हरि पहाड़िया, महेंद्र सिंह परमार लज्जाराम कोली राकेश अजहर, केशव चंद मीणा, मनीष मंगल, अनिल गर्ग, अकरम पठान, ध्रुव शुक्ल, गजेंद्र गोस्वामी, राजकुमार कंसाना, अंसार खान, राजू शर्मा, महावीर गॉड, संसार खान, बेजंती जाटव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे!

### मुख्य सचिव से मिलकर विधायक मनीष यादव ने पेयजल, बिजली, अस्पताल सहित विभिन्न समस्याओं से करवाया अवगत

चमकता राजस्थान

शाहपुरा। विधानसभा क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल और बिजली कटौती की विकट समस्या को लेकर शाहपुरा विधायक मनीष यादव ने आज मुख्य सचिव सुधांश पंत से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से करवाया अवगत। विधायक ने कहा कि जल जीवन मिशन योजना में भारी अव्यवस्था के कारण कार्य की स्थिति बहुत दयनीय है, जिस कारण पानी की किल्लत को लेकर आमजन बे-हद परेशान है। विधायक मनीष यादव ने पंचायत समिति की साधारण सभा में जनस्वास्थय एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को पेयजल सम्बन्धी समस्याओं के सम्बन्ध में पूर्व तैयारी हेतु अवगत करवाया था, साथ ही विधायक ने जिला कलक्टर जयपुर ग्रामीण को भी इस संदर्भ में अवगत करवाया था। विधायक मनीष यादव ने मुख्य सचिव को पत्र में अस्पताल, ग़रीब, मध्यम वर्ग, किसान और मजदूरों की समस्याओं के बा-रे में अवगत करवाया।विधायक ने कहा कि इस भीषण गर्मी में हीटस्ट्रोक के मरीजो की संख्या बढ़ने से क्षेत्रीय अस्पतालों के आईपीडी में लगभग 250 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है। विधायक ने मुख्य सचिव से कहा है कि जल्द से जल्द इन समस्याओं पर ध्यान देते हुए समाधान करवाया जाए।



## जिला कलक्टर ने जयपुरिया अस्पताल में इंतजामों का लिया जायजा

# राजकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में गर्मी से बचाव के किये जा रहे अतिरिक्त इंतजामः जिला कलक्टर

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 27 मई। जयपुर जिले के राजकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में भर्ती मरीजों एवं तीमारदारों को गर्मी एवं हीट वेव के प्रकोप से बचाने के लिए अतिरिक्त इंतजाम किये जा रहे हैं। राजकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों के लिए पर्याप्त छाया, पेयजल, कूलर एवं पखों की व्यवस्था की जा रही है। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित स्वयं इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को जिला कलक्टर ने जयपुरिया अस्पताल का औचक



निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिलिंग काउंटर, ओपीडी एवं वार्डों का जायजा लिया। राजपुरोहित ने ना केवल अस्पताल में कूलर, पंखों सहित गर्मी से बचाव के इंतजामों का जायजा लिया बल्कि अस्पताल में भर्ती मरीजों से व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक भी लिया। इस दौरान उन्होंने राजकीय जयपुरिया

### मरीजों एवं तीमारदारों की राहत के लिए व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिये निर्देश

चिकित्सालय के अधीक्षक एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश मंगल को बिलिंग काउंटर के सामने लगे ग्रीन शेड में भी कूलर एवं पंखों के इंतजाम करने के निर्देश भी दिये ।इस दौरान जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि अत्यधिक गर्मी को देखते हुए जिले के समस्त राजकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में अतिरिक्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। जिसके तहत विगत 2 दिनों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी जयपुर प्रथम ने अपने क्षेत्राधिकार के राजकीय अस्पतालों में 79 कूलर्स और 146 पंखों की अतिरिक्त व्यवस्था की है। इसी प्रकार मुख्य चिकित्सा अधिकारी जयपुर द्वितीय ने अपने क्षेत्राधिकार के राजकीय अस्पतालों में गर्मी के प्रकोप को देखते हुए पहले से मौजूद संसाधनों के अतिरिक्त 19 एयर कंडिशनर्स, 66 कूलर्स एवं 88 पंखों का इंतजाम किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### घटिया किस्म का 16000 लीटर खाद्य तेल पकड़ा

- अमानक निम्न श्रेणी का मिलावटी लगभग 16000 लीटर खाद्य तेल सीज



**चमकता राजस्थान। जयपुर।( खलील कुरैशी)।** अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा द्वारा निर्देशित सरना डूंगर में फर्म एसएमवी सोल्वेक्स प्राइवेट लिमिटेड के परिसर में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने लगभग 3500 लीटर सरसो तेल और 12400 लीटर मूंगफली तेल अमानक खाद्य श्रेणी का होने से संदेह के आधार पर सीज किया है। इसके मालिक वैभव, नवीन, शुभम खंडेलवाल बताए जा रहे हैं। इनके द्वारा आयल की रेपैकिंग की ठुभष भी मौके पर नही पाई गई। और भी अन्य बहुत सारी कमियां पाई गई हैं। एक ही परिसर में एक ही तेल का अलग अलग ब्रांड के नाम से तेलों कीॐ पैकिंग पाई गई। शयाम धेनु, कृष्णम, कार्तिक, एफ.एम.वी गोल्ड आदि अनेक नामो से तेल पैक होता हुआ मिला। मौके पर अति खाद्य आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में एफ.एस.ओ. नरेंद्र शर्मा, पवन गुप्ता, रतन गोदारा, नरेश कार्यवाही में मौजूद रहे।

### जयपुर ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों की सेवार्थ बांधें परिंडे



**चमकता राजस्थान। जयपुर। (खलील कुरैशी)** नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने सोमवार को मानसरोवर के वार्ड नं-72 के शयामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में बेजुबा पक्षियों के लिए परिंडे बांधे तथा दाने की व्यवस्था के लिये चुग्गा पात्र भी लगाया। महापौर ने इस अवसर पर कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए मित्रवत व्यवहार करते हुए उनके लिए परिंडे बांधे और चुग्गा पात्र लगाए। इस छोटे से सार्थक प्रयास के लिए उन्होंने विकास समितियों, व्यापार मंडलों, समाज के प्रबुद्ध लोगों को आगे आने की अपील की।महापौर सौम्या गएवं आयुक्त रुक्मणी ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा : महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर एवं आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने मालवीय नगर जोन की सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने तख्तेशाही रोड, रामबाग चौराहा, आरबीआई बैंक, झालाना डूंगरी, आरटीओ ऑफिस, एजी कॉलोनी, बजाज इसके साथ मानसरोवर जोन की भी सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने गोपालपुरा बाइपास, वीटी रोड़, अरावली मार्ग, शिप्रा पथ मध्यम मार्ग सहित विभिन्न स्थानों का दौरा कर सफाई व्यवस्था देखी और व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए सफाईकर्मियों को लस्सी भी पिलाई और काम करने के साथ-साथ भीषण गर्मी में स्वास्थ्य का ध्यान रखने की भी अपील की।नगर सहित विभिन्न स्थानों की सफाई व्यवस्था देखी।महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बेजुबा पक्षियों के लिए बांधे परिंडे।

### बच्चों के खून में भी कालाबजारी के गौरखधंधे का हुआ खुलासा:, जेके लोन अस्पताल में ब्लड बेचते युवक को पकड़ा

- ठेकाकर्मी ने परिजनों से 2 हजार में सौदा कर बुलाया, रेजिडेंट को शक होने पर हुआ पटाक्षेप

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** जयपुर के जेके लोन अस्पताल में प्लाज्मा चोरी के बाद अब ब्लड बेचने का मामला पकड़ में आया है। सेंट्रल लैब में ठेके पर तैनात आलोक सैन ने मरीज के परिजन से 2 हजार रुपए में एक यूनिट खून का सौदा किया। इसके बाद बाहर से एक व्यक्ति को डोनर बनाकर बुलाया। इस सौदे में 1 हजार रुपए डोनर को और 1 हजार खुद लेना तय किया। इस दौरान वहां तैनात रेजिडेंट को शक हुआ तो मामले का खुलासा हो गया।अस्पताल के ब्लड बैंक में हर महीने औसतन 500 से 600 यूनिट ब्लड डोनेट होता है। इसमें से इमरजेंसी और जरूरतमंदों को निशुल्क दिया जाता है। इसका कोई हिसाब नहीं होने का फायदा उठाकर स्टाफ ब्लड बेच देता है। अस्पताल के इंचार्ज और अधीक्षक की ओर से इस पर ध्यान नहीं देने से पिछले 2 सालों से जमकर खेल हो रहा है और मरीजों को लूटा जा रहा है। जेके लोन अस्पताल में प्लाज्मा चोरी मामले में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. सतेन्द्र को हटाया जा चुका है, इसलिए अब अधीक्षक डॉ. कैलाश मीणा तय करते हैं कि ब्लड बैंक का प्रभारी कौन होगा। इस प्रकरण में आलोक सैन (कम्प्यूटर ऑपरेटर) को पकड़ लिया, लेकिन अभी भी प्लाज्मा चोरी और खून बेचने के खेल में शामिल मुख्य आरोपी पुलिस और प्रशासन की पकड़ से दूर हैं।

- **रेजिडेंट को शक हुआ, रिश्ता पूछा तो खुल गई पोल**

» –जेके लोन अस्पताल में आईसीयू के बेड नंबर दो पर बेबी ऑफ हेमलता एडमिट है। उसे दो यूनिट ब्लड की जरूरत थी। परिजन एक यूनिट दे चुके थे और एक अन्य डोनर के नहीं होने से परेशान हो रहे थे। इसी दौरान आलोक सैन ने परिजन विश्वेन्द्र को झांसे में लिया और कहा कि 2 हजार रुपए दे दो, मैं ब्लड करा दूंगा। परेशान परिजनों ने उसे हां कर दी और पैसे दे दिए। इसके बाद आलोक ब्लड बैंक गया, लेकिन जब वहां बात नहीं बनी तो उसने अपने किसी जानकार (जो संभवतया रेगुलर ब्लड देता था) को फोन किया और कहा कि एक यूनिट ब्लड दे जा और एक हजार रुपए दूंगा। वह युवक आ गया और ब्लड बैंक पहुंच गया, लेकिन यहां रेजिडेंट को शक हुआ तो उसने फटकार लगाते हुए रिश्ते के बारे में पूछा। इस पर युवक ने सच्चाई बोल दी और कहा कि उसे आलोक सैन ने 1 हजार रुपए देने की बात कही थी, इसीलिए वह ब्लड देने आ गया। इसके बाद अस्पताल प्रशासन और पुलिस को सूचना दी गई और आलोक पकड़ लिया गया।

# पानी-बिजली को तरसती जनता को प्रदेश के मंत्रियों ने जतायी अपनी -अपनी मजबूरियां



चमकता राजस्थान

**जयपुर।** अभी चुनाव ख़त्म भी नहीं हुए हैं और नेताओं के वादे जनता को याद है फिर भी पानी बिजली संकट को झेल रही राजस्थान प्रदेश की जनता को मंत्री अपनी मजबूरियां बता अपनी ज़िम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रहे हैं इस समय ज़रूरत पानी बिजली के लिए सिस्टम को मज़बूत करने की है जिसे ये मंत्री भगवान भरोसे छोड़ रहे हैं।

कल प्रदेश में पानी संकट पर जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने विभाग के अधिकारियों की मीटिंग के बाद कहा कि ''मैं कोई को फूंक मार दूँ कोई बालाजी तो हो नहीं जो फूंक मार दूं और पानी आ जाए !'' मेरे पास जितनी पानी की उपलब्धता है उसे ही तो डिस्ट्रीब्यूट करूँगा उस पानी में कहीं न कहीं बेमानी हो रही है ,इस बेईमानी को रोका जाएगा कही लिकेज हो रहा है तो उसे रोकेंगे हमारी कोशिश है कि पेयजल संकट का समाधान हर हाल में किया जाए।

विभाग द्वारा स्वीकृत किए कार्यों में धीमी प्रगति करने वाले अधिकारियों के ख़िलाफ़ कठोर कार्रवाई की जाएगी !ग़ौरतलब है कि जलदाय विभाग को मुख्यमंत्री ने शिकायतों का निस्तारण के लिए 24 घंटे कॉल सेंटर चलाने के निर्देश दे रखे हैं इसके अलावा पानी वाले टैंकरों में जीपीएस लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## बिजली संकट पर मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री फोड़ रहे गहलोत सरकार पर ठीकरा

चमकता राजस्थान

जयपुर। बिजली संकट पर मुख्यमंत्री ने गहलोत सरकार पर ठीकरा फोड़ते हुए कहा कि पानी और बिजली की समस्याएं मई जून में आती है इस बार बिजली को लेकर दिक्क़त इसलिए भी हुई क्यों की गहलोत सरकार ने पिछले साल अगस्त -सितंबर में बिजली उधार ली थी और एग्रीमेंट किया था कि मई -जून तक चुका देंगे, जब राजस्थान को सबसे ज़्यादा बिजली की ज़रूरत है तब हमें उधारी चुकानी पड़ रही है गहलोत सरकार बिजली ख़रीदती रही न तो प्लान अपडेट किए और न ही नए लगाए।

वहीं प्रदेश के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने




अपनी ज़िम्मेदारियों से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि पूर्व सरकार के एमओयू के कारण रोज़ाना 900 लाख यूनिट बैंकिंग के ज़रिए दूसरे राज्यों को दे रहे हैं जो सर्दियों में ली थी पूर्व सरकार ने वादा नहीं किया होता तो आज जनता को बिजली की कमी नहीं होती हमारी सरकार हरसंभव बिजली उपलब्ध कराने की कोशिश कर रही है।

### पाँच महीने पद संभालने के बाद एमओयू की याद आयी

» नई सरकार का गठन हुए लगभग छह माह पूर्ण होने जा रहे हैं मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री को जब ये पता है कि मई जून में प्रदेश में बिजली की सबसे ज़्यादा खपत होती है और एमओयू हो रखा है तो उन्होने इस बारे में पहले से रूपरेखा तैयार क्यों नहीं की, एमओयू का बहाना कर प्रदेश की निरीह जनता को बिजली और पानी के संकट में डालने के लिए ज़िम्मेदार कौन है इसका पता कर जल्द से जल्द पानी और बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

## केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत चुनावों के बाद भूले अपने वादे



चमकता राजस्थान

जयपुर। अभी लोक सभा चुनाव ख़त्म भी नहीं हुए हैं और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जोधपुर में अपने किए वादों को शायद भूल चुके हैं उन्होने केन्द्र सरकार की हर घर नल योजना के तहत घर घर पानी पहुँचाने का वादा किया था उन्होंने उस समय तत्कालीन गहलोत सरकार पर कार्य पूरा नहीं होने देने का आरोप लगाया था ,अब जबकि प्रदेश भाजपा सरकार को छह माह पूर्ण होने जा रहे हैं तब भी पानी की स्थिति जस की तस बनी हुई है और केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का कोई बयान सामने नहीं आना भी चौका रहा है।

शेखावत को चाहिए था कि इस समय प्रदेश में जल संकट से जूझ रही जनता के बीच जाकर समस्या के समाधान की कोशिश करते।

## बीजेपी हार रही तो सीएम भजनलाल का क्या दोष उन्हें क्यों हटा रहे, मेरी हमदर्दी उनके साथ : गहलोत

### बोलें : कांग्रेस छोड़कर जाने नालायक, निकम्मे, गद्दार

चमकता राजस्थान

जयपुर! (खलील कुरैशी) पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी के साथ कांग्रेस छोड़कर जाने वाले नेताओं को निशाने पर लिया है। गहलोत ने कांग्रेस छोड़कर जाने वालों को गद्दार, नालायक, निकम्मा तक कह दिया। गहलोत ने दावा किया कि राजस्थान में बीजेपी की कम सीट आने की हालत में चुनाव बाद सीएम बदल रहे हैं, सीएम का क्या कसूर है? गहलोत प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। कांग्रेस छोड़कर जाने वालों को नॉन- परफॉर्मिंग एसेट कहने के सवाल पर गहलोत ने कहा-कांग्रेस छोड़कर जाने वालों को चाहे अवसरवादी कह दीजिए, नॉन परफॉर्मिंग कह दीजिए, निकम्मे कह दो, नाकारा कह दो, पीठ में छुरा घोंपने वाला कह दो, ये तमाम शब्द प्रयोग करते हैं। जो गद्दारी करता है वह गद्दार है, पीठ में छुरा घोंपे, उनको आप क्या कहोगे। उनके लिए यही शब्द हैं। गहलोत ने कहा- कांग्रेस छोड़कर जाने वालों ने अच्छा नहीं किया। पांच साल आप राज करो और फिर संकट में हो तो छोड़कर चले जाओ। यह वक्त था काम करने का, इतिहास उससे बनता है। मैं आपके सामने खड़ा हूं, जिस वक्त इंदिरा गांधी खुद चुनाव हार गई थीं, कांग्रेस साफ हो गई थी, उत्तर भारत में एक सीट आई थी नाथूराम मिर्धा की, तब हम लोगों ने मजबूती दिखाई। संकट में साथ खड़े रहे।

- **बीजेपी हार रही है तो मुख्यमंत्री का क्या कसूर है?**

» गहलोत ने कहा– राजस्थान में बिजली, कानून व्यवस्था की बुरी स्थिति है। लोग कहते हैं चुनाव के बाद सीएम को हटा देंगे। अभी तो 4–5 महीने ही हुए हैं। बीजेपी हार रही है तो सीएम का क्या कसूर है? इनको क्यों हत रहे हो? कसूर तो मोदी–शाह का है। आपने आकर झूठ बोला, हमारी सरकार पर झूठे आरोप लगाए, हमारी सरकार चली गई। अब जनता उसका बदला ले रही है। अब हम राजस्थान में लोकसभा चुनाव जीतेंगे।

- **सीएम को अच्छे सलाहकारों की जरूरत है, रिमोट से चलेंगे तो कामयाब नहीं होंगे**

» गहलोत ने कहा– यूपी, गुजरात, मध्य प्रदेश में 25 बार पेपर आउट हो गया। वहां एक शब्द नहीं बोला गया। हमारे यहां पर मोदी, शाह और बीजेपी नेताओं ने नौजवानों को भड़काया। अब परीक्षाओं के पेपर लीक हो जाते हैं, पूरे देश में हो रहे हैं। मोदी ने इसे राजस्थान में मुद्दा बनाया, अपराध को मुद्दा बनाया। अब आप बताइए, राजस्थान में कितने अपराध रोज हो रहे हैं। इन सबके लिए मुख्यमंत्री को फुर्सत नहीं है। राजस्थान में स्थिति बड़ी नाजुक होती जा रही

## जयपुर-फर्जी ड्रग इंस्पेक्टर बन मेडिकल दुकानदारों को डराने वाली गैंग का खुलासा

**चमकता राजस्थान/जयपुर। (खलील कुरैशी)** गलता गेट थाना पुलिस ने किया मामले का खुलासा, मुकदमा दर्ज होने के महज 3 घंटे में आरोपी आरोपी चेतन शर्मा और अरुण शर्मा को किया पुलिस ने गिरफ्तार किया इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए डीसीपी नार्थ राशि डोगरा ने बताया कि मुखबीर के जरिए सूचना मिली की गलता गेट थाना पुलिस क्षेत्र में फज़ी ड्रग्स इंस्पेक्टर बनकर मेडिकल दुकानदारों से झूठी कार्रवाई के नाम पर वसूली की जा रही हैं जिसपर संज्ञान लेते हुए एडीसीपी रानू शर्मा के सुपरविजन और एसएचओ लिखमाराम के नेतृत्व में एसआई गिरिराज चौधरी, हैड कांस्टेबल प्रदीप सिंह, विनोद, प्रदीप सिंह, विजय कुमार द्वारा इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया उल्लेखनीय है हैड कांस्टेबल प्रदीप सिंह कांस्टेबल विनोद की रही विशेष भूमिका



## वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने किया परिंडे अभियान का जोरदार शुभारंभ

- पेड़ लगायें जीवन बचायें, प्रत्येक जीव में परमात्मा का वास होता है :- संजय शर्मा



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** समाजसेवी रतनलाल शर्मा के द्वारा चलाए जा रहे परिंडे अभियान के तहत आज जयपुर में वन एवम पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा के नेतृत्व में मंत्री जी के बंगले और आस पास के क्षेत्र में 11 परिंडे लगाए गए ।इस अवसर पर मंत्री ने कहा की सनातन में प्रत्येक जीव की रक्षा और पालन करना मूल धर्म बताया गया है प्रत्येक व्यक्ति को अपने आस पास पक्षियों के लिए तेज गर्मी को देखते हुए पानी और भोजन की व्यवस्था करना चाहिए प्रत्येक जीव में भगवान का वास होता है तो जीव की रक्षा भगवान की भक्ति के समान होती है। ज्ञात है पिछले कुछ वर्षो से समाजसेवी रतनलाल शर्मा द्वारा बेजुबान जीवों के लिए परिंडा अभियान, पानी की टंकी रखने , पौधारोपण अभियान जैसे अनेक सामाजिक कार्य किए जा रहे है। इस दौरान मंत्री संजय शर्मा ने समाजसेवी रतनलाल शर्मा द्वारा किए जा रहे कार्य की प्रशंशा की और सभी से समाज कल्याण के कार्य करने की अपील की। इस दौरान मंत्री महोदय श्री संजय शर्मा जी, समाजसेवी रतनलाल शर्मा, महावीर प्रसाद शर्मा (पूर्व प्रधानाचार्य), सचिन शर्मा व स्टाप मौजूद रहा ।

## लगातार दूसरे दिन नगर निगम ग्रेटर की टीम द्वारा गेंमिग जोन पर की गई कार्यवाही

चमकता राजस्थान



- **सेन्ट्रल जीटी स्थित हाउस ऑफ डेथ गेमिंग जोन को किया सीज**

जयपुर (खलील कुरैशी)।नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देश पर अग्निशमन शाखा की टीम द्वारा लगातार दूसरे दिन अग्निशमन सुरक्षा की दृष्टि से गेंमिग जोनों के औचक निरीक्षण की कार्यवाही की गई। इनमें जीटी सेन्ट्रल स्थित हाउस ऑफ डेथ पर सीज की कार्यवाही की गई। जीटी सेन्ट्रल स्थित हाउस ऑफ डेथ गेंमिग जोन पर टीम ने एंन्ट्री, एग्जिट, फायर एनओसी है या नहीं अग्निशमन उपकरण काम कर रहे है या नहीं सहित बिन्दुओं पर बारीकी से जांच की साथ ही अग्निशमन सुरक्षा के मानकों को भी परखा गया। गेम जोन में प्लाईवुड, कपड़ा, प्लास्टिक, रबड़ आदि के साथ ज्वलनशील पदार्थ का भी उपयोग किया जा रहा था। इसके साथ ही सुरक्षा उपकरणों में भी कमी पाई गई। टीम ने अग्निशमन यंत्र की भी जांच की गई। जिससे भी दुरूस्त नहीं पाया गया। आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने बताया कि जीवन महत्वपूर्ण है इसलिए अग्निशमन सुरक्षा के सभी मानकों को ध्यान में रखकर गेंमिग जोन का संचालन किया जाना आवश्यक है अग्निशमन सुरक्षा के मानकों का उल्लंघन करने पर गेंमिग जोन पर सीज की कार्यवाही की जायेगी। आगामी दिनों में भी निरन्तर गेंमिग जोनों का औचक निरीक्षण कियाजायेगा और अग्निशमन सुरक्षा के मानकों को परखा जायेगा। इस अवसर पर उपायुक्त फायर सरिता मील, मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौत्तमलाल, सहायक अग्निशमन अधिकारी सुरेश कुमार यादव सहित अग्निशमन शाखा की टीम मौजूद रही।

## पंजा मत दिखाइए पंजें ने इस देश को गंजा कर दिया : मुख्यमंत्री भजनलाल



चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** सीएम भजनलाल शर्मा ने सोमवार को पंजाब में चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि पंजे (कांग्रेस) ने देश को गंजा कर दिया है। दरअसल, सीएम भजनलाल शर्मा सोमवार को फिरोजपुर लोकसभा के बलुआना में बीजेपी प्रत्याशी राणा गुरमीत सिंह सोढी के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर सीएम भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण के अंत में लोगों से दोनों हाथ खड़े करके नारे लगाने का आ''ान किया। जैसे ही लोगों ने हाथ खड़े किए, सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि अरे ये पंजा मत दिखाइए, इस पंजे ने तो देश को गंजा कर दिया। आप ये मुठ्ठी, हनुमान जी की मुष्ठिका दिखाइए और जोर से बोलिए, भारत माता की जय। सीएम भजनलाल ने जनसभा में लोगों से तीन बार भारत माता की जय का ना-रा लगवाया।दिल्ली में भ्रष्टाचारी मिलकर चुनाव लड़ रहे सीएम भजनलाल शर्मा ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में

भ्रष्टाचारी-भ्रष्टाचारी मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। ये लोग सोचते है कि पंजाब की जनता कुछ समझती नहीं है।उन्होंने कहा कि ये परिवारवाद और जाति के नाम पर राजनीति करने वाले लोग हैं, लेकिन इनका समय ज्यादा नहीं है। जो लोग भ्रष्टाचार को खत्म करने की बात कहकर राजनीति में आए थे, आज वे लोग आकंठ भ्रष्टाचार में डूब गए हैं। उन्होंने कहा कि देश में पिछले 70 सालों में सबसे ज्यादा राज करने वाली कांग्रेस ने भी भ्रष्टाचार, जातिवाद, परिवारवाद तथा तुष्टीकरण के अलावा कुछ नहीं किया है। अब दिल्ली में ये भ्रष्टाचारी मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं।

# नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की पूर्ण तैयारी करें: मुख्य सचिव पंत

## नये कानूनों की समीक्षा बैठक में डीजीपी यू.आर.साहू सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने लिया भाग

चमकता राजस्थान



जयपुर (खलील कुरैशी)। मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में राज्य में नवीन आपराधिक कानूनों को लागू किये जाने के सम्बन्ध में सोमवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि नए कानूनों की मंशा के अनुरूप सभी कानूनी पेशेवरों, अनुसंधान अधिकारियों और अभियोजकों को सुचारु बदलाव के लिए शिक्षित करें जिससे उन्हें विभिन्न नए प्रावधानों के बुनियादी ज्ञान और समझ मिल सके। उन्होंने बैठक में नये आपराधिक कानूनों के सम्बन्ध में विभिन्न विभागों द्वारा अपने अधिकारियों व कार्मिकों को दिये जा रहे प्रशिक्षण की समीक्षा की। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य नागरिकों को त्वरित न्याय प्रदान करना तथा न्यायिक एवं अदालत प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करना है। उन्होंने पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस और जेल कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम केंद्र सरकार द्वारा एकीकृत सरकारी ऑनलाइन प्रशिक्षण कर्मयोगी पोर्टल उपयोग कर आयोजित करें। उन्होंने नये कानूनों के संदर्भ में आमजन को शिक्षित एवं जागरूक करने हेतु प्रिंट, इलैक्ट्रॉनिक एवं सोशलमीडिया की कार्ययोजना तैयार करने के आदेश दिए। बैठकमें नये कानूनों के प्रतिस्थापन के सन्दर्भ में संसाधनों की आवश्यकता पर चर्चा की गयी।उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने हाल ही में अपराधिक कानूनों में बदलाव किये है। पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो ने नए आपराधिक कानूनों पर विभिन्न स्तरों के पुलिस और जेल कर्मियों के लिए प्रशिक्षण माड्यूल विकसित किए हैं। एक जुलाई से पूरे भारत में लागू होने वाले तीन नये आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नगारिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह विभाग आनंद कुमार,महानिदेशक पुलिस उत्कल रंजन साहू, महानिदेशक कारागार राजेश निर्वाण, शासन सचिव गृह विभाग रश्मि गुप्ता,शासन सचिव विधि एवं विधिक कार्य विभाग राजेश गुप्ता शासन सचिव गृह एवं निदेशक अभियोजन रवि शर्मा, निदेशक राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला महानिरीक्षक (अपराध) अजय शर्मा, पुलिस प्रफुल्ल कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

**एक नजर**

## मनोहरपुर में आई.के.एम.क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का हुआ जोरदार शुभारंभ

- प्रतियोगिता में 32 टीमों ने लिया भाग
- ग्रामीण खेल प्रतियोगिताओं से खेल प्रतिभाओं को अपने कौशल दिखाने का मिलता है प्रयाप्त अवसर :- आदिल खान



**चमकता राजस्थान। मनोहरपुर! (खलील कुरैशी)** मनोहरपुर होद की पाल स्थित खेल मैदान पर आई के एम क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 का जोरदार शुभारंभ हुआ गौरतलब है कि इस क्रिकेट प्रतियोगिता में 32 टीमें हिस्सा ले रही हैं इस दौरान आईकेएम क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में रहें मुख्य अतिथि प्रवीण व्यास ने विशिष्ट अतिथि रहे उद्घाटन मंजूर खान, जमील खान चौहान सईद अहमद, हमीद खान,अर्जुन मोहनपुरिया, मुराद अहमद, रशीद मोहम्मद, बी.एस बेनीवाल ने क्रिकेट प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया इस मौके पर खेल प्रेमी फिरोज खान, जब्बार खान मस्कूर खान, सोहेल खान, हमराज खान, रिजवान खान, जाविद खान, मुसब्बीर खान, आदिल खान, आसिफ खान युवराज सांसी, सचीन कसाना, राजेश यादव, अयान खान, जिशान खान, समीर खान, सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे
इस अवसर पर आईकेएम क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजनकर्ता आदिल खान ने बताया कि इस तरह के खेल आयोजनों खिलाडियों को शारीरिक और मानसिक बल मिलता है तथा खेल प्रतियोगिता सामाजिक समरसता को बढ़ावा भी देती हैं ग्रामीण प्रतिभावान प्रतिभाओं को अपना खेल कौशल का भी प्रयाप्त अवसर भी मिलता है आईकेएम क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच एचयूबीके क्रिकेट टीम तोपचीवाडा और जुनियर शिव कालोनी के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए एचयूबीके क्रिकेट टीम तोपचीवाडा ने दस ओवर में दो विकेट खोकर 162 रन बनाए इसके जवाब मे जूनियर शिव कालोनी ने 8 विकेट पर दस ओवर मे 108 रन बना सकी और मैच 54 रनों से एचयूबीके क्रिकेट टीम विजयी हुई और एचयूबीके क्रिकेट टीम की ओर से शानदार आलराउंडर प्रदर्शन करने पर अजय कुमार को मैंने आफ द मैच घोषित किया गया

### कैदी ने जज पर फेंकी चप्पल:

## कोर्ट में सुनवाई के दौरान तारीख देने से हुआ



**चमकता राजस्थान। भीलवाड़ा** । कैदी ने सुनवाई के दौरान जज पर चप्पल फेंक दी। चप्पल जज के हाथ पर जाकर लगी। कोर्ट में चोरी के मामले में कैदी की जमानत पर सुनवाई चल रही थी। जज ने मामले में अगली तारीख दी, लेकिन कैदी आज ही फैसला सुनाने की मांग कर रहा था। घटना के बाद कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। कैदी को कोतवाली पुलिस ने पकड़ लिया। मामला - भीलवाड़ा की एसीजेएम कोर्ट नंबर-1 में सोमवार दोपहर 1-30 - बजे हुई। जज रूपेंद्र सिंह मामले की सुनवाई कर रहे थे। जज से कहा- फैसला आज सुनाओ कोतवाली थानाधिकारी राजपाल सिंह ने बताया कि पिछले 2 1 साल से जेल में बंद इस्माइल उर्फ पोंडिया की कोर्ट में सुनवाई चल रही थी। वह चोरी के मामले में बंद है। दोपहर करीब 1-30 बजे स्माइल उर्फ पोंडिया को सुनवाई के लिए पेश कियागया। सुनवाई के बाद मजिस्ट्रेट ने अगली तारीख दी, तो इस्माइल गुस्से में आ गया। इसके बाद पेशकार और एडवोकेट कागजातों को लेकर मजिस्ट्रेट से बातचीत करने लगे। इसी बीच अचानक इस्माइल ने चप्पल उतारी और मजिस्ट्रेट पर फेंक दी। इस संबंध में इस्माइल के खिलाफ कोतवाली पुलिस में एक और मामला दर्ज करवाया गया है। आरोपी इस्माइल पहले भी एक महिला जज पर चप्पल फेंकने का प्रयास कर चुका है। हालांकि उस समय आरोपी चप्पल फेंक पाता, उससे पहले ही चालानी गार्ड ने उसे रोक दिया था। वकीलों ने जताईनाराजगी कोर्ट परिसर में हुए घटनाक्रम पर वकीलों ने नाराजगी जाहिर की है। एडवोकेट अशोक जैन ने कहा- कोर्ट में आज जो घटना हुई, वो निंदनीय है। युवक ने मजिस्ट्रेट पर नहीं, न्याय प्रणाली पर हमला किया है। जजों को सुरक्षा मुहैया करवाई जानी चाहिए।

# चार जून को भाजपा व एनडीए की विजय सुनिश्चित : अमित

### 4 जून को राहुल बाबा की पार्टी 40 भी पार नहीं कर पाएगी : अमित शाह



कुशीनगर। एजेंसी

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कुशीनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 4 जून को मोदी की, भाजपा की व एनडीए की विजय सुनिश्चित है। 4 जून की दोपहर को आप देख लेना कि राहुल बाबा के लोग प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और कहेंगे कि ईवीएम के कारण हम चुनाव हारे हैं। हार का ठीकरा भी खरगे साहब पर फूटेगा।
कुशीनगर के उदित नारायण डिग्री कॉलेज में सोमवार को विजय दुबे के समर्थन में आयोजित जनसभा में अमित शाह ने कहा कि 4 जून को राहुल बाबा की पार्टी 40 भी पार नहीं कर पाएगी और अखिलेश बाबू 4 भी पार नहीं कर पाएंगे। देश की जनता ने तय किया है कि अगले 5 साल नरेन्द्र मोदी ही प्रधानमंत्री रहेंगे। छह चरण का मतदान समाप्त हो चुका है। मेरे पास 5 चरण का आंकड़ा है। 5 चरण में मोदी जी 310 सीटें पार कर चुके हैं। छठा चरण हो चुका है, सातवां होने वाला है, जिसमें आप लोगों को 400 पार कराना है। गृहमंत्री ने कहा कि घमंडिया गठबंधन के लोग झूठ के आधार पर जीने वाले लोग हैं। इन्होंने कहा है कि हम मुस्लिम आरक्षण देंगे। अगर गलती से भी ये जीत गए, तो पिछड़ा,अति पिछड़ा और दलित का आरक्षण छीनकर ये मुसलमानों को देने का काम करेंगे। इन्होंने कर्नाटक और हैदराबाद में जो किया है, बंगाल में भी वही किया था, लेकिन वहां (बंगाल) हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगा दी।
मुस्लिम आरक्षण संविधान के अनुरूप नहीं है। अपने वोटबैंक को खुश करने के लिए ये मुस्लिम आरक्षण की बात करते हैं। जिसका सीधा खामियाजा पिछड़े वर्ग को भुगतना पड़ेगा। अमित शाह ने कहा कि ये चुनाव कारसेवकों पर गोली चलाने वालों और राम मंदिर बनाने वालों के बीच है। वो समाजवादी पार्टी की ही सरकार थी, जिसने कारसेवकों पर गोली चलाई थी। सपा बसपा पर निशाना साधते हुए गृहमंत्री ने कहा कि मैं आज बहन मायावती और अखिलेश यादव से पूछना चाहता हूं कि कुशीनगर 'चीनी का कटोरा' नाम से प्रसिद्ध था, लेकिन आपके समय में 5-6 चीनी मिलें बंद हुईं। जबकि हमारी सरकार के समय में 20 चीनी मिलों को फिर से चालू करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि 38 चीनी मिलों की क्षमता में वृद्धि करने का काम योगी आदित्यनाथ की सरकार ने किया है। गन्ने की बुवाई का क्षेत्रफल भी 9 लाख हेक्टेयर बढ़ा है। 1995 से 2017 तक सपा-बसपा ने गन्ना किसानों को सिर्फ 23 हजार करोड़ रुपये का भुगतान किया था।

## ओडिशा की जनता ने परिवर्तन का मन बनाया है : त्रिवेन्द्र सिंह



देहरादून। एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हरिद्वार लोकसभा उम्मीदवार और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि इस बार ओडिशा की जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। उत्तराखंड में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण की समाप्ति के बाद पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ओडिशा की तीन लोकसभा मयूरभंज, भद्रक और बालेश्वर की 21 विधानसभाओं की बागडोर संभाली है। राष्ट्रीय नेतृत्व में उनके अनुभावों के आधार पर उनको यह जिम्मेदारी सौंपी है।
लगभग एक महीने से ज्यादा का व्यक्त त्रिवेंद्र सिंह रावत इन तीनों लोकसभा की अलग-अलग विधानसभाओं में बिता चुके हैं। उनका कहना है कि हर रैलियों, कार्यक्रमों और नुक्कड़ सभाओं में भारतीय जनता पार्टी को जनता का सहयोग मिल रहा है। पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र ने कहा कि इस बार उड़ीसा में भाजपा सरकार और केन्द्र में फिर एक बार मोदी सरकार यानी डबल इंजन सरकार बनेगी। विगत 10 वर्षों में मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ, पात्र लोगों तक पहुंचा है और लोग भाजपा और मोदी को चुनकर इसका जवाब 04 जून को चुनाव परिणाम के रूप में देंगे। उन्होंने कहा कि पूरब से लेकर पश्चिम और उत्तर से लेकर दक्षिण तक चारों ओर एक ही पुकार है। देश में एक बार फिर मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में भी लोगों का उत्साह देखने को मिल रहा है।

## उत्पादक, व्यापारी, मजदूर, किसान और ग्राहक एक दूसरे के पूरक : नारायण



दौसा। एजेंसी

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का दो दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन दौसा में आयोजित हुआ। उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष नारायण भाई शाह, अध्यक्षता राष्ट्रीय आयाम प्रमुख डीपी सैनी, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुनील जैन, स्वर्ण जयंती वर्ष के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा, क्षेत्रीय संगठन मंत्री भगवती प्रसाद शर्मा एवं प्रांतीय अध्यक्ष रमाकांत बम्ब रहे। सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष नारायण भाई शाह ने उत्पादक एवं उपभोक्ता के बीच के सम्बन्धों को विस्तार से जानकारी दी। दोनों के क्या अधिकार है, क्या-क्या उनकी समस्या है। ग्राहक पंचायत आर्थिक समरसता के आधार पर काम करता। आर्थिक क्षेत्र में काम करने वाले उत्पादक, व्यापारी, मजदूर, किसान और ग्राहकों में अंगाअंगी भाव मानता है। ये एक दूसरे के पूरक हैं, विरोधी नहीं। अनुचित व्यापार, व्यवहार की विरोधी है।
विशिष्ट अतिथि डीपी सैनी ने ग्राहक पंचायत की स्थापना से लेकर आज तक की स्थिति पर अपने विचार व्यक्त किए। सैनी ने कहा कि कार्यकर्ता को एक्टिविस्ट के रूप कार्य करना चाहिए। जहां कहीं भी कोई कमी नजर आती है तो उसे नजरअंदाज नहीं कर उस विचार करें और सम्बन्धित को शिकायत दर्ज कराई जावे। स्वर्ण जयंती वर्ष के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा ने ग्राहक पंचायत के सभी जिलों को अपना पूरा सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम संयोजक डॉ ओपी गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया।

### आदित्यनाथ ने सपा और कांग्रेस गठबंधन पर जमकर निशाना साधा, कहा

## कांग्रेस व सपा का इंडी गठबंधन की सोच नकारात्मक है



मऊ। एजेंसी

जिले की घोसी लोकसभा सीट पर एनडीए प्रत्याशी अरविंद राजभर के समर्थन में सोमवार को मोहम्मदाबाद क्षेत्र के रानीपुर में चुनावी जनसभा में पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा और कांग्रेस गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में वोट करने की अपील की। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के 6 चरण पूरे हो चुके हैं। अंतिम और सातवें चरण में आज सभी मतदाताओं से अपील करने के लिए मुझे आना पड़ा है। देश के अंदर प्रधानमंत्री मोदी के समर्थन में जनता जनार्दन का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। अब तक के 6 चरणों ने साबित कर दिया है कि अबकी बार 400 बार। योगी ने कहा कि कल पीएम मोदी का मार्गदर्शन आपको प्राप्त हुआ। पिछले 10 वर्षों में देश की तस्वीर बदलने का काम मोदी ने किया है। देश के अंदर शांतिपूर्ण वातावरण, देश का सम्मान नरेन्द्र मोदी के कारण बढ़ा है।
विकास के बड़े-बड़े कार्य हो रहे हैं। रेलवे, हाईवे, बड़े-बड़े संस्थान, मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, एम्स ट्रिपल आईआईटी मोदी कारण बन रहा है। 80 करोड़ गरीबों को फ्री में राशन मिल रहा है। गरीबों को आयुष्मान कार्ड देने का कार्य, किसानों को किसान सम्मान निधि, करोड़ों लोगों को शौचालय की सौगात मिली है। चार जून को जब मोदी की सरकार बनेगी तो 70 वर्ष के ऊपर के लोगों को आयुष्मान कार्ड मिलेगा।
उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा का इंडी गठबंधन की सोच नकारात्मक है। ये लोग भगवान राम का विरोध करते हैं। भारत का भी विरोध करते हैं। पिछड़ों के हकों में डकैती डालते हैं। इनका घोषणा पत्र मुस्लिम लीग का लगता है। कांग्रेस का घोषणा पत्र कहता है कि अगर कांग्रेस की सरकार बनी तो वह आरक्षण का लाभ मुसलमान को भी देने का काम करेंगे। क्या पिछड़े और अति पिछड़े आरक्षण में सेंध लगाने की छूट देंगे। आरक्षण का आधार धर्म नहीं हो सकता। आरक्षण पिछड़ी जाति अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को ही मिलना चाहिए।
कांग्रेस और सपा के लोग आपके घरों में डकैती डालना चाहते हैं। इनसे सावधान होने की जरूरत है। इनका घोषणा पत्र कहता है कि अगर सत्ता में आएंगे तो जनता जनार्दन पर विरासत टैक्स लगाएंगे। आपके बाप दादा ने जो संपत्ति बनाई है, आपको जो मिला है, कांग्रेस और सपा की सरकार आने पर उसको आधा ले लिया जाएगा। आधा लेकर उसे रोहिंग्या या पाकिस्तानियों या बांग्लादेशियों को देने का काम किया जाएगा।

# वाराणसी : राजनीति में उदासीनता लोकतंत्र के लिए खतरा : जेपी नड्डा



वाराणसी। एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में लक्सा स्थित मारवाड़ी भवन में काशी के प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठक की। बैठक को संबोधित करते जेपी नड्डा ने कहा कि जब राजनीति में लोकमत उदासीन हो जाए, तो वो प्रजातंत्र के लिए खतरा बन जाता है। लेकिन 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी ने साधारण नागरिक में एक विश्वास पैदा किया। आज इस विश्वास के कारण ही हम विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां आपने दो पार्टियों की सरकार देखी है, जिन्होंने सबका मत लिया और बाद में एक जाति का बनके रह गईं। 10 साल पहले देश का नागरिक राजनीति के प्रति उदासीन हो चुका था,उसका विश्वास टूट चुका था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस और अखिलेश यादव ने कहा कि भारत तो अनपढ़ है, यहां डिजिटल क्या करोगे, लेकिन मोदी भारत का सामर्थ्य जानते थे। आज यहां सब्जी बेचने वाला भी डिजिटल ट्रांजैक्शन कर रहा है। दुनिया का 40 प्रतिशत डिजिटल ट्रांजैक्शन आज भारत में होता है। गांव, गरीब, वंचित, शोषित, पीड़ित, किसान, युवा, महिला मोदी के नेतृत्व में सबका सशक्तिकरण हुआ है।
जेपी नड्डा ने कहा कि आज 2 लाख पंचायतों में ऑप्टिकल फाइबर बिछाया गया है। आज 2 लाख कॉमन सर्विस सेंटर चल रहे हैं। ये बदलते भारत के बदलते गांव है। आज दवाई मैन्युफैक्चरिंग में भारत दूसरे नंबर पर खड़ा है। सबसे सस्ती और असरदार दवाएं भारत बना रहा है। 126 प्रतिशत एक्सपोर्ट बढ़ गया है। लंबे समय तक भारतीय राजनीति का अर्थ था, फूट डालो राज करो और सबके नाम पर वोट मांगों और सरकार बन जाए, तो किसी जाति के बन जाओ।

### पानी के टैंक में मिला 18 माह की बच्ची का शव

**दौसा। दौसा जिले के बसवा कस्बे में 15 फीट गहरे पानी के टैंक में गिरने से डेढ़ साल की बच्ची की मौत हो गई। घटनाक्रम रविवार रात का है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर टैंक से शव बरामद किया। एएसआई मोरध्वज ने बताया कि रात करीब आठ बजे सूचना मिली थी कि बसवा कस्बे के बड़ा महादेव मंदिर के पास एक बच्ची के पानी के टैंक में गिरने से मौत हो गई। मौके पर पहुंच शव को बरामद कर बांदीकुई उप जिला अस्पताल पहुंचाया। वहीं बच्ची के पिता अशोक रैगर ने बताया कि शाम से ही बच्ची लापता थी। इस दौरान उन्होंने अपने पड़ोसियों से भी पूछा लेकिन उन्होंने बच्ची के बारे में जानकारी नहीं होने से मना कर दिया। इसके बाद पड़ोसी दीपक के मकान के पानी के टैंक को चैक किया तो उसमें बच्ची गिरी हुई दिखाई दी। मामले में बच्ची के परिजनों ने अपने पड़ोसियों पर बच्ची को टैंक में गिराकर मारने का आरोप लगाया। बच्ची के पिता ने आरोप है कि जिस घर के पानी के टैंक बच्ची मिली है, उनसे करीब 10 -15 साल पुराना उनका जमीनी विवाद है।**

## गुना में मिनी ट्रक पलटने से 4 लोगों की मौत, 4 की हालत गंभीर

गुना। एजेंसी

मध्य प्रदेश के गुना में सोमवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एनएच -46 एबी रोड पर म्याना से आधा किलोमीटर दूर एक तेज रफ्तार मिनी ट्रक पुल से नीचे गिर गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
सभी मृतक कानपुर के रहने वाले थे। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि हादसा सोमवार तड़के 3.30 बजे म्याना थाना क्षेत्र में हुआ। म्याना थाना प्रभारी संजीत माबई ने बताया कि मिनी ट्रक में 6 मजदूर, ड्राइवर और क्लीनर थे। सभी मजदूर कानपुर के रहने वाले हैं और उन्हें कर्नाटक जाना था। सोमवार तड़के ट्रक जैसे ही एबी रोड पहुंचा, म्याना के चौका चूल्हा होटल के सामने वाहन अनियंत्रित होकर नीचे पुलिया में जा गिरा। हादसा इतना भयानक था कि चार लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। वहीं अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने हादसे की सूचना म्याना पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया।
विष्णु (32) पुत्र रामपाल, मीर (30) पुत्र चोखेलाल, विकास (35) और रंजीत पुत्र नत्थू सिंह की मौत हो गई। क्लीनर शाहरुख, ड्राइवर अशोक, नवाब समेत चार गंभीर घायल हैं। इन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मजदूर उत्तर प्रदेश में कानपुर के बताए जा रहे हैं। ड्राइवर अशोक रायबरेली का रहने वाला है। उसे ग्वालियर रेफर किया गया है।

## दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों के लिए भारतीय महिला फुटबॉल टीम घोषित



**नई दिल्ली। एजेंसी**

उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों के लिए सोमवार को 23 सदस्यीय भारतीय सीनियर महिला टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम वर्तमान में हैदराबाद में डेरा डाले हुए है, जहां वे ताशकंद में दो आगामी मैचों की तैयारी कर रही है, जो 31 मई और 4 जून को खेले जाएंगे। 30 संभावितों के साथ भारतीय टीम ने श्रीनिदी डेक्कन एफसी के घरेलू मैदान, डेक्कन एरेना में दो सप्ताह तक प्रशिक्षण लिया। इसके बाद मुख्य कोच लंगम चाओबा देवी ने 23 की अंतिम टीम घोषित की, जो बुधवार 29 मई को ताशकंद रवाना होगी। इस साल की शुरूआत में, भारतीय टीम चार देशों के टूर्नामें ट तुर्की महिला कप में कोसोवो से हारकर उपविजेता रही थी, टूनार्मेंट में दो अन्य देश एस्टोनिया और हांगकांग थे।

### भारत महिला टीम इस प्रकार है:-

**गोलकीपर :** श्रेया हुडा, मैबाम लिनथोइनगांबी देवी, मोइरांगथेम मोनालिसा देवी।
**डिफेंडर :** लोइटोंगबम आशालता देवी, संजू, हेमम शिल्की देवी, जूली किशन, अस्तम ओरांव, अरुणा बैग, सोरोखैबम रंजना चानू, वांगखेम लिन्थोइंगंबी देवी।
**मिडफील्डर :** कार्तिका अंगमुथु, कविया, नाओरेम प्रियंगका देवी, नेहा, संध्या रंगनाथन, संगीता बासफोर, सौम्या गुगुलोथ, अंजू तमांग।
**फॉरवर्ड :** काजोल डिसूजा, करिश्मा शिरवोइकर, प्यारी जाक्सा, सेर्टो लिंडा कॉम।
**मुख्य कोचः** लंगम चाओबा देवी।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने अर्जेंटीना को 5-4 से हराया, हरमनप्रीत की हैट्रिक

- मैच के तीसरे मिनट में फेडेरिको मोंजा ने गोल कर अर्जेंटीना को 1-0 की बढ़त दिला दी
- हाफ टाइम तक भारत अर्जेंटीना से 3-2 से आगे था



**एंटवर्प। एजेंसी**

हरमनप्रीत सिंह की हैट्रिक की बदौलत भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के यूरोपीय चरण के अपने चौथे मैच में अर्जेंटीना के खिलाफ 5-4 से जीत दर्ज की। भारत के लिए, अरजीत सिंह हुंदल (7'), गुरजंत सिंह (18') और हरमनप्रीत सिंह (29', 50' और 52') ने, जबकि अर्जेंटीना के लिए, फेडेरिको मोंजा (3'), निकोलस कीनन (24'), तादेओ मारुची (54') और लुकास मार्टिनेज (57') ने गोल किये। भारत ने मैच में अच्छी शुरूआत की, पहले क्वार्टर में अधिकांश समय गेंद अपने पास रखी और सटीक पास देकर अर्जेंटीना के स्ट्राइकिंग सर्कल में अपनी जगह बनाई।

हालांकि, मैच के तीसरे मिनट में फेडेरिको मोंजा ने गोल कर अर्जेंटीना को 1-0 की बढ़त दिला दी। जवाब में, भारत ने अरिजीत सिंह हुंदल (7') के शानदार फील्ड गोल से जल्द ही बराबरी कर ली। एक मिनट शेष रहते भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सका। पहला क्वार्टर 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ। भारत ने दूसरे क्वार्टर की शानदार शुरूआत की। गुरजंत सिंह ने मैच के 18वें मिनट में बेहतरीन फील्ड गोल कर भारत को 2-1 से आगे कर दिया। मैच के 24वें मिनट में निकोलस कीनन ने गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। हालाँकि, भारत ने एक मिनट शेष रहते ही पेनल्टी कॉर्नर अर्जित कर लिया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह (29') ने कोई गलती नहीं की और गोल कर भारत को 3-2 से आगे कर दिया। हाफ टाइम तक भारत अर्जेंटीना से 3-2 से आगे था।

तीसरा क्वार्टर मनोरंजक था, जिसमें दोनों टीमों ने तेज-तर्रार हॉकी का प्रदर्शन करते हुए आक्रमण की गति तेज कर दी। भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसे गोल में नहीं बदल सका क्योंकि हरमनप्रीत के शॉट को अर्जेंटीना के गोलकीपर ने रोक दिया। दोनों टीमों की रक्षापंक्ति मजबूत होने के कारण तीसरा क्वार्टर गोलरहित रहा और 3-2 से बराबरी पर समाप्त हुआ।

चौथा क्वार्टर शानदार खेला गया और भारत टॉप गियर में आ गया। उन्होंने अर्जेंटीना को गलतियाँ करने के लिए प्रेरित किया, जिसके कारण टीम को 10 मिनट शेष रहते हुए पेनल्टी कॉर्नर मिला और कप्तान हरमनप्रीत सिंह (50') ने इस मौके का फायदा उठाते हुए गोल कर भारत को 4-2 से आगे कर दिया। दो मिनट बाद, भारत को एक और पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे कप्तान हरमनप्रीत सिंह (52') ने फिर से गोल में बदलते हुए टीम को 5-2 से बढ़त दिला दी। अर्जेंटीना ने तादेओ मारुची (54') और लुकास मार्टिनेज (57') को गोल की बदौलत स्कोर 5-4 कर दिया। अंतिम हूटर बजने तक यही स्कोर रहा और भारत ने 5-4 से जीत हासिल कर ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम का अगला मुकाबला 1 जून को जर्मनी से होगा।

### युकी भांबरी ने हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ एटीपी युगल रैंकिंग

**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी ने एटीपी युगल रैंकिंग में करियर का सर्वश्रेष्ठ 52वां स्थान हासिल किया। युकी दो स्थान की छलांग लगाकर 1692 अंकों के साथ 52वें स्थान पर हैं। युगल एटीपी रैंकिंग में छह भारतीय शीर्ष 100 में शामिल हैं। अनुभवी खिलाड़ी रोहन बोपन्ना दुनिया में चौथे नंबर पर सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय हैं। शीर्ष 100 में शामिल अन्य भारतीयों में एन.श्रीराम बालाजी (84वें), विजय सुंदर प्रशांत (94वें), अनिरुद्ध चंद्रशेखर (96वें) और अर्जुन काधे (98वें) हैं। युकी के लिए यह सप्ताह अच्छा रहा क्योंकि वह अपने फ्रांसीसी साथी अल्बानो ओलिवेटी के साथ एटीपी 250 इवेंट ल्योन ओपन के फाइनल में पहुंचे। हालाँकि, इस जोड़ी को एक रोमांचक फाइनल मैच में हेनरी पैटन और हैरी हेलियोवारा ने 6-3, 6-7(5), 8-10 से शिकस्त दी। यह जोड़ी अब अपना ध्यान साल के दूसरे ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट फ्रेंच ओपन पर लगाएगी। भांबरी और ओलिवेटी मंगलवार को रोमन सफीउलिन और जॉन पीयर्स की रूसी-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के खिलाफ अपने रोलांड गैरोस अभियान की शुरूआत करेंगे।

## एक नजर

### साउथेम्प्टन ने प्ले-ऑफ फाइनल में लीड्स को हराकर प्रीमियर लीग में की वापसी



**लंदन।** साउथेम्प्टन ने रविवार को चैंपियनशिप (सेकंड डिवीजन) प्ले-ऑफ फाइनल में लीड्स यूनाइटेड पर 1-0 की जीत के साथ प्रीमियर लीग में शानदार वापसी की। एडम आर्मस्ट्रांग ने मैच के 24वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। साउथेम्प्टन नियमित सीजन में पहले और दूसरे स्थान पर रहने के बाद लीसेस्टर सिटी और इप्सविच टाउन के साथ प्रीमियर लीग में वापसी करने वाला तीसरा क्लब बन गया। साउथेम्प्टन ने लीड्स के खिलाफ अपने पिछले दोनों लीग मुकाबले जीते हैं, उन्हें घर पर 3-1 से हराया और नियमित अभियान के आखिरी दिन लीड्स के एलैंड रोड मैदान में 2-1 से जीत हासिल की।

### आईपीएल 2024 का खिताब जीतने पर ममता बनर्जी, जय शाह ने केकेआर को दी बधाई



**चेन्नई।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने अपना तीसरा इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीतने पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम को बधाई दी है। श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में केकेआर ने चेपॉक में टूर्नामेंट के फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को 8 विकेट से हराकर अपना तीसरा खिताब जीता। ममता बनर्जी ने एक्स पर लिखा कोलकाता नाइट राइडर्स की जीत ने पूरे बंगाल में जश्न का माहौल बना दिया है। मैं आईपीएल के इस सीजन में रिकॉर्ड तोड़ने वाले प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और फ्रेंचाइजी को व्यक्तिगत रूप से बधाई देना चाहती हूं। आने वाले वर्षों में ऐसे और अधिक आकर्षक प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने केकेआर और फ्रेंचाइजी के कप्तान श्रेयस अय्यर को उनके विजयी सीजन के लिए बधाई दी। उन्होंने बड़ी संख्या में आने और 17वें संस्करण को सफल बनाने के लिए प्रशंसकों को भी धन्यवाद दिया। जय शाह ने एक्स पर लिखा 2024 टाटा आईपीएल जीतने के लिए केकेआर को बधाई।

## आरबी अकादमी के खिलाड़ियों ने 7 स्वर्ण सहित जीते 10 पदक



**वाराणसी। एजेंसी**

महाराष्ट्र के डी. सी. स्कूल खंडाला में आयोजित कांनीनजुकु राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में वाराणसी स्थित आर. बी. अकादमी के खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए 7 स्वर्ण सहित 10 पदक जीते। प्रतियोगिता का आयोजन 25 मई 2024 को हुआ था इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के कांनीनजुकु आर. बी. मार्शल आर्ट्स एकडेमी के 6 खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश की ओर से प्रतिभाग किया था। अकादमी के कोच अरविन्द कुमार ने बताया कि अकादमी के खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता के अलग - अलग वर्गों में 7 स्वर्ण , 1 रजत और 2 कांस्य पदक के साथ कुल 10 पदक जीते। ऋषिका रयान और वेदान्त मिश्रा ने काता और कुमिते में स्वर्ण, आरुषि वर्मा ने काता में स्वर्ण और कुमिते में कांस्य पदक, खुशी मजुमदार ने काता में कांस्य और कुमिते में स्वर्ण, अदिति सोनकर ने कुमिते में स्वर्ण पदक और शिवानी गुप्ता ने कुमिते में रजत पदक जीता। कोच अरविन्द ने बताया कि ऋषिका रयान को बेस्ट कराटेका का अवार्ड भी मिला। यह अवार्ड जापान से आये मुख्य प्रशिक्षक सोके कोइची यामामुरा, सेंसेई केनतारो यामामुरा और क्योशी परमजीत सिंह के द्वारा प्रदान किया गया।

### सूर्यवंशी ने की धुआंधार बल्लेबाजी ट्रंफ ने जीता मैच



**लखनऊ।** काल डेक्थ्लान फ्लैक्स टी-20 कप के सेमी फाइनल ट्रंफ क्रिकेट एकेडमी ने यू.पी. टिम्बर को 27 रन से हराकर बढ़त बना ली। इस मैच में ट्रंफ के बल्लेबाज ए. सूर्यवंशी ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए पांच चौका और दो छक्का की मदद से 37 बाल पर 53 रन बनाये। ट्रंफ क्रिकेट एकेडमी ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट गवांकर 156 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज अमन अली ने 41 रन का योगदान दिया। वहीं यश मात्र तीन रन पर आउट हो गये, जबकि ए. सूर्यवंशी ने 53 रन बनाये। यूपी टिम्बर की टीम निर्धारित ओवर में 129 रन ही बना सकी और टंफ ने 27 रन से मैच को जीत लिया। सलामी बल्लेबाज करन ने 26 रन का योगदान दिया। वहीं संकेत ने 54 बाल में 53 रन बनाये। रोहन ने 17 रन का योगदान दिया।

## आईसीसी टी-20 विश्व कप से बाहर हुए वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर जेसन होल्डर

**नई दिल्ली। एजेंसी**

वेस्टइंडीज को अपने टी20 विश्व कप अभियान से पहले उस समय करारा झटका लगा जब ऑलराउंडर जेसन होल्डर चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा सीरीज खेल रहे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ओबेद मैककॉय को होल्डर के प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया है। होल्डर को काउंटी चैम्पियनशिप में वॉर्सेस्टरशायर के लिए खेलते समय चोट लगी थी।

हालांकि, क्रिकेट वेस्टइंडीज की विज्ञप्ति में चोट की प्रकृति या उनके ठीक होने की समयसीमा के बारे में नहीं बताया गया है। मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा जेसन हमारे सेट-अप में एक अनुभवी खिलाड़ी हैं। उनकी अनुपस्थिति निस्संदेह मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह महसूस की जाएगी। हम उम्मीद करते हैं कि जेसन जल्द ही पूरी तरह से फिट होकर हमारे पास आएंगे। उन्होंने आगे कहा, हालांकि जेसन जैसी क्षमता वाले खिलाड़ी को खोना दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन हमें ओबेद मैककॉय की क्षमताओं पर भरोसा है। ओबेद ने अपने प्रदर्शन में उल्लेखनीय कौशल और वादा दिखाया है, और यह अवसर उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने की अनुमति देगा। हमारा मानना है कि वह टीम में एक नई और गतिशील ऊर्जा लाएंगे।



**वेस्टइंडीज की टीम इस प्रकार है:-**

रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ (उप-कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, निकोलस पूरन, शाई होप, आंद्रे रसेल, रोमारियो शेफर्ड, ओबेद मैककॉय, अकील होसेन, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड।
रिजर्व : काइल मेयर्स, मैथ्यू फोर्डे, फैबियन एलन, हेडन वॉल्श, आंद्रे फ्लेचर।


### एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय जिमनास्ट बनीं दीपा

**नई दिल्ली।** दीपा करमाकर ने रविवार को ताशकंद में चल रहे एशियाई महिला कलात्मक जिमनास्टिक चैंपियनशिप के वॉल्ट स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके साथ ही वह एशियाई महिला कलात्मक जिमनास्टिक चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय जिमनास्ट बन गईं। 30 वर्षीय दीपा, जो क्वालिफिकेशन में 12.650 के साथ आठवें स्थान पर थीं, ने फाइनल में अपने दो प्रयासों में कुल मिलाकर 13.566 का स्कोर बनाया। उनके बाद दो उत्तर कोरियाई, किम सोन ह्यांग (13.466, 0.100 की पेनल्टी के बाद) और जो क्योंग ब्योल (12.966) थीं।

## ऑस्ट्रेलिया के अभ्यास मैचों में नहीं खेलेंगे कमिंस, स्टार्क और हेड

**सिडनी। एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप 2024 टीम के मुख्य सदस्य पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और ट्रैविस हेड अपनी राष्ट्रीय टीम के वार्म-अप मैचों में हिस्सा नहीं लेंगे, क्योंकि वे मेगा इवेंट से पहले एक छोटा ब्रेक लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया वापस जाएंगे। रविवार के आईपीएल फाइनल में भाग लेने के बाद, कमिंस, हेड और स्टार्क विश्व कप टीम में फिर से शामिल होने से पहले ऑस्ट्रेलिया वापस जाएंगे। घर पर समय बिताने वालों में ग्लेन मैक्सवेल और कैमरून ग्रीन भी शामिल हैं, जो रॉयल



चैलेंजर्स बेंगलुरु के प्लेऑफ दौर का हिस्सा थे। इन पांचों के 5 जून को ओमान के खिलाफ टीम के शुरूआती ग्रुप मैच में जुड़ने की उम्मीद है, जो बारबाडोस में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू के हवाले से कहा, लचीला होना महत्वपूर्ण है। लोग आईपीएल में रहे हैं। वे बहुत अधिक क्रिकेट खेल रहे हैं इसलिए हमने उन्हें घर पर कुछ दिन बिताने, उनके परिवार को देखने, तरोताजा होने और इस टूर्नामेंट के लिए लंबा खेल खेलने को प्राथमिकता दी है।

यह वास्तव में महत्वपूर्ण है कि हम उन्हें छुट्टी दें, भले ही वह घर पर कुछ दिनों के लिए ही क्यों न हो। मार्श, जो पहली बार किसी वैश्विक आयोजन में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे, ने विश्वास जताया कि वह एक बल्लेबाज के रूप में दोनों अभ्यास मैच खेल सकेंगे। उन्होंने कहा मैं बस उन आखिरी कुछ चीजों पर ध्यान दे रहा हूं जो मुझे फिट और उपलब्ध रहने के लिए जरूरी हैं। आज सब कुछ अच्छा रहा। यह धीरे-धीरे धीमा हो गया है लेकिन आखिरकार अब मैं वहां पहुंच गया हूं और टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं। टूर्नामेंट 1 जून से शुरू होगा, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा उद्घाटन मैच खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया 5 जून को बारबाडोस में ओमान के खिलाफ अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरूआत करेगा।

## वाणिज्य



# मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में बजट को नया रूप दिया : निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली। एजेंसी**



- करदाताओं से एकत्र किए गए रुपये का सही इस्तेमाल करते हैं
- सार्वजनिक वित्त की पारदर्शी तस्वीर पेश करते हैं

केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने विगत 10 वर्षों में केंद्रीय बजट को खर्चों के रिकॉर्ड से बदलकर समान विकास के लिए एक रणनीतिक खाके में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि हम अपने करदाताओं से एकत्र किए गए प्रत्येक रुपये का विवेकपूर्ण और कुशल उपयोग करते हैं, उन्हें सार्वजनिक वित्त की पारदर्शी तस्वीर देते हैं।

सीतारमण ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में अपनी उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि कांग्रेस की अगुवाई वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की 'ऑफ-बजट' उधारी और 'ऑयल बॉन्ड' जारी करने और घाटे को छिपाने की दोहराई जाने वाली प्रथा के बिल्कुल विपरीत है, जिसने कुछ हद तक राजकोषीय बोझ को भविष्य की पीढ़ियों पर स्थानांतरित कर दिया। संप्रग के तहत बजट आंकड़ों को अनुकूल दिखाने के लिए मानक राजकोषीय प्रथाओं को नियमित रूप से बदला गया। सीतारमण ने कहा कि हमारी सरकार ने केंद्रीय बजट को केवल खर्चों के रिकॉर्ड से बदलकर समान विकास के रणनीतिक खाके में बदल दिया है। हम अपने करदाताओं से एकत्र किए गए प्रत्येक रुपये का विवेकपूर्ण और सही इस्तेमाल करते हैं। सार्वजनिक वित्त की पारदर्शी तस्वीर पेश करते हैं। उन्होंने कहा कि कहा कि केंद्र सरकार राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सरकारों के जरिए 108 केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) का संचालन करती है, जिसका बजट वित्त वर्ष 2024-25 के लिए करीब 5.01 लाख करोड़ रुपये है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए यह 4.76 लाख करोड़ रुपये थे।

वित्त मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करने, पारदर्शिता बढ़ाने और विकसित भारत की मजबूत नींव रखने के लिए चल रहे सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही हम करदाताओं की मेहनत की कमाई के मूल्य और प्रभाव को अधिकतम करना जारी रखेंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि इसका सभी के लाभ के लिए सर्वोत्तम संभव उपयोग किया जाए।

### कच्चा तेल 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 83 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इस हफ्ते के पहले दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.19 डॉलर यानी 0.23 फीसदी की उछाल के साथ 82.31 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.26 डॉलर यानी 0.33 फीसदी बढ़कर 77.98 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## शेयर बाजार ने बनाया नया रिकॉर्ड, सेंसेक्स 148 अंक उछला

**नई दिल्ली। एजेंसी**



लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण से पहले घरेलू शेयर बाजार ने फिर ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाया । हफ्ते के पहले दिन शुरूआती कारोबार के दौरान सोमवार को सेंसेक्स ने 75,679 का स्तर छुआ। वहीं, निफ्टी ने 23,043 का ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाया। फिलहाल बॉम्बे स्टॉक एकसचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 147.58 अंक यानी 0.20 फीसदी की तेजी के साथ 75,557.97 पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई का (निफ्टी) भी 19.95 अंक यानी 0.087 फीसदी की तेजी के साथ 22,977.05 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इससे पहले 24 मई और 3 मई को भी ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बना था। कारोबार के दौरान 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में सूचीबद्ध कंपनियों में से टाटा स्टील, भारती एयरटेल, जेएसडब्ल्यू स्टील, सन फार्मा, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर सबसे अधिक लाभ में दिख रहे हैं।

वहीं, विप्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी और एशियन पेंट्स के शेयरों में गिरावट दिख रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते अंतिम कारोबारी दिन शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक में शामिल सेंसेक्स ने 75,636 अंक का रिकॉर्ड बनाया। वहीं, निफ्टी ने 23,026 का हाई बनाया था। हालांकि, कारोबार के अंत में शेयर बाजार मामूली मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ सेंसेक्स 7 अंक की गिरावट के साथ 75,410 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 10 अंक की गिरावट के साथ 22,957 के स्तर पर बंद हुआ था।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी की भाषा शैली पर अशोक गहलोत ने उठाए सवाल, कहा- बेरोजगारी, महंगाई पर अब नहीं बोलते



**जयपुर/एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। इसके अलावा, उन्होंने कांग्रेस छोड×कर अन्य दलों में शामिल होने वाले नेताओं को नाकारा, निकम्मा, गद्दार और पीठ में छुरा घोंपने वाला बताया। इस बीच, उन्होंने अपनी पार्टी के नेताओं को हिदायत देते हुए कहा कि आप पार्टी के लिए संपत्ति बनिए, ना कि दायित्व। अगर आप संपत्ति बनेंगे और पार्टी का विश्वास अर्जित करेंगे, तो निकट भविष्य में आपके लिए राजनीतिक समृद्धि के मार्ग प्रशस्त होंगे। उन्होंने ओबीसी समुदाय को आरक्षण देने पर भी बल दिया।

अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री मोदी की भाषाई गरिमा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने अपनी भाषा शैली से अपने पद की गरिमा घटाई है। प्रधानमंत्री एक गरिमामय पद है, जिसकी गरिमा को कम करने का अधिकार किसी के पास नहीं है, ना ही कांग्रेस और ना ही किसी अन्य दल के पास इस तरह का अधिकार है, लेकिन प्रधानमंत्री ने इस चुनाव में जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया है, वो यकीनन निंदनीय है।

गहलोत ने दावा किया कि पीएम मोदी की भाषा शैली उनकी हार का कारण बनेगी। तमाम तरह के विवादित बयान देने के बाद प्रधानमंत्री कहते हैं कि मैं हिंदू-मुस्लिम की राजनीति नहीं करता, जिस दिन करूंगा, उस दिन सार्वजनिक जीवन से संन्यास ले लूंगा। प्रधानमंत्री एक दिन कुछ और दूसरे दिन कुछ और बोलते हैं, और जितना ज्यादा प्रधानमंत्री बोल रहे हैं, इंडिया गठबंधन के चुनाव जीतने की संभावना उतनी ही प्रबल हो रही है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री बेवजह के मुद्दों को लेकर राजनीति कर रहे हैं, जबकि असली मुद्दों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। बेरोजगारी, महंगाई और किसानों जैसे मसलों पर प्रधानमंत्री नहीं बोलते हैं। इन मुद्दों को छोड×कर वो हिंदू-मुस्लिम की राजनीति करते हैं। पीएम मोदी अपनी पार्टी का मेनिफेस्टो भूलकर कांग्रेस के मेनिफेस्टो का पोस्टमार्टम कर रहे हैं, जो कि किसी भी मायने में उचित नहीं है। कांग्रेस के मेनिफेस्टो से घबराने के बाद इन लोगों की भाषण शैली बदल गई। बीजेपी कहने लग गई कि यह मेनिफेस्टो मुस्लिम लीग का है। आखिर यह सब क्या हो रहा है। ये लोग अपना एजेंडा नहीं बना पा रहे हैं। इन लोगों के पास चुनाव प्रचार के लिए कोई मुद्दा नहीं है। सिर्फ और सिर्फ राहुल गांधी का नाम लेकर प्रचार कर रहे हैं, जिससे कुछ खास होने वाला नहीं है।

### उत्तर प्रदेश के मेरठ से समाजवादी पार्टी के विधायक रफीक अंसारी गिरफ्तार

**मेरठ/एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मेरठ से समाजवादी पार्टी के विधायक रफीक अंसारी को 1995 के एक आपराधिक मामले में गैर-जमानती वारंट का पालन नहीं करने पर लखनऊ में गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। एसएसपी ने विधायक की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्राधिकारी (सीओ) सिविल लाइन के नेतृत्व में एक टीम गठित की थी। आईपीसी की धारा 147, 436 और 427 के तहत लंबित आपराधिक मामले में विधायक रफीक अंसारी के खिलाफ जारी वारंट को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, एमपी-एमएलए, मेरठ की अदालत में चुनौती दी गई थी। मामले में 35 से 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ सितंबर 1995 में एफआईआर दर्ज की गई थी और 22 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया गया था। इसके बाद, याचिकाकर्ता के खिलाफ एक पूरक आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया, जिस पर संबंधित अदालत ने अगस्त 1997 में संज्ञान लिया। रफीक अंसारी कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। उनके खिलाफ 12 दिसंबर 1997 को एक गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। इसके बाद 101 गैर-जमानती वारंट जारी किए गए। कुर्की की कार्रवाई के बावजूद रफीक अंसारी कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए और वारंट के खिलाफ हाईकोर्ट चले गये। उनके वकील ने दलील दी कि 15 मई 1997 के फैसले में 22 आरोपियों को बरी कर दिया गया था, ऐसे में विधायक के खिलाफ कार्रवाई रद्द की जानी चाहिए। लेकिन हाईकोर्ट ने इस मामले में डीजीपी को रफीक अंसारी के खिलाफ ट्रायल कोर्ट से जारी गैर जमानती वारंट का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था।

# पीएम मोदी ने अपनी सभा में किया पाकिस्तान का जिक्र, बोले- सीमा पार जिहादी कर रहे समर्थन

नयी दिल्ली/एजेंसी

पीएम मोदी ने विपक्षी दलों के गठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा, 'कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का सीमा पार के जिहादी समर्थन कर रहे हैं। पाकिस्तान में इनके लिए दुआ मांगी जा रही है और ये देश में वोट जिहाद की अपील कर रहे हैं।' पीएम का इशारा हाल ही में फर्रुखाबाद की एक सभा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद की भतीजी मारिया आलम की 'वोट जिहाद' की अपील की ओर था।

### इंडिया गठबंधन का मुद्दा देश का विकास नहीं'

» प्रधानमंत्री ने रविवार को देवरिया, बांसगांव, मऊ और मिर्जापुर लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'इंडी गठबंधन देश में बहुसंख्यक समुदाय को दोयम दर्जे का नागरिक बनाना चाहता है। इसका मुद्दा देश का विकास नहीं है। ये देश को आगे नहीं, बल्कि कई दशक पीछे ले जाना चाहते हैं।'

### विपक्ष सत्ता में आएंगे तो फिर अनुच्छेद 370 लगाएंगे'

» पीएम मोदी ने कहा, 'इनकी ( इंडिया गठबंधन) जमात कह रही है कि ये सत्ता में आएंगे तो कश्मीर में फिर से अनुच्छेद 370 लगाएंगे। ये बंटवारे के पीड़ितों को फिर से नागरिकता देने वाला सीएए कानून रद्द करेंगे। यह किसका एजेंडा है, यही तो भारत विरोधी ताकतें चाहती हैं।



### 'धर्म के आधार पर आरक्षण का विरोध करने पर देते हैं गाली'

» मऊ के घोसी में सभा को संबोधित करते हुए पीएम ने आरोप लगाया, 'सपा और कांग्रेस वाला इंडी गठबंधन संविधान बदलकर एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण खत्म कर उसे मुस्लिमों को देना चाहता है। उनकी राजनीति का एक ही मकसद तुष्टीकरण है। बाबा साहब डॉ आंबेडकर ने धर्म के आधार पर आरक्षण का हमेशा विरोध किया था। कर्नाटक में ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को दिया गया। बंगाल में टीएमसी ने यही किया और 2012 में सपा ने घोषणा पत्र में दलितों का आरक्षण मुसलमानों को देने की बात कही।' पीएम ने कहा मैं धर्म के आधार पर आरक्षण देकर देश को बांटने नहीं दूंगा।

## क्या ममता बनर्जी संविधान से ऊपर हैं: रमेश सोनी

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी ने कहा कि भाजपा ने गारंटी देते हुए कहा कि जब तक देश की संसद में भाजपा का एक भी सदस्य है हम दलित, आदिवासी, ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) का आरक्षण खत्म नहीं होने देंगे.जैसा सब जानते हैं कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार द्वारा ओबीसी में शामिल कर ओबीसी कोटे के तहत मुस्लिमों को ओबीसी सर्टिफिकेट और ओबीसी आरक्षण दिया जा रहा था, उसे कलकत्ता हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया है, तृणमूल सरकार द्वारा 2010 से लेकर 2024 तक जारी किये गए ओबीसी सर्टिफिकेट को भी रद्द कर दिया गया है।

हाई कोर्ट का फ़ैसला आने के तुरंत बाद ममता बनर्जी ने कहा कि वह हाईकोर्ट के आदेश को नहीं मानेंगी। क्या ममता बनर्जी संविधान से ऊपर हैं? क्या संविधान के तहत काम करना इनका काम नहीं है? क्या संविधान की रक्षा करना इनका काम नहीं है? ममता बनर्जी जी को पता होना चाहिए कि संविधान से ऊपर कोई भी नहीं है। ममता बनर्जी भी संविधान की रक्षा की शपथ लेकर ही मुख्यमंत्री बनी हैं। ममता बनर्जी का यह बयान संविधान का अपमान है।

उन्होंने कहा राहुल गांधी संविधान कि पुस्तिका लेकर फिरते रहते हैं लेकिन ऐसे मुद्दों पर जब हाईकोर्ट के तरफ़ से फ़ैसला आता है और इंडी गठबंधन के मुस्लिम तुष्टिकरण का पर्दाफ़ाश होता है तथा इंडी गठबंधन की गतिविधियों में तुष्टिकरण की राजनीति स्पष्ट दिखाई देती है तो वे चुप्पी साध लेते हैं। ऐसे लोगों को चुनाव में भारत की जनता करारा सबक सिखाएगी

इसके साथ ही सोनी ने कहा कि मुस्लिम आरक्षण संवैधानिक नहीं है, कांग्रेस ने ओबीसी, एससी और एसटी के आरक्षण में कटौती कर उसे मुसलमानों को दे दिया. प्रेस वार्ता में ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह रावत, भाजपा संभाग मीडिया सहप्रभारी रचित कच्छावा, उत्तर विधानसभा मीडिया प्रभारी अंकुर सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### इंस्पेक्टर भगवान सहाय मीणा की माता रमली देवी के निधन पर संवेदनाएं व्यक्त करने वालों का लगा तांता



**चमकता राजस्थान। अलवर राजगढ़।** पुलिस इंस्पेक्टर भगवान सहाय मीणा की माता स्व रमली देवी के निधन पर शोक व्यक्त करने वालो का ग्राम पलवा में पिछले 11दिन से तांता लगा हुआ है। रविवार को प्रदेश के आदिवासी नेता सुरेश मीणा किशोरपुरा,अजीत चौधरी,राहुल मीना,अमित मीना बागावास,डा.मुकेश सैनी,बंशीधर सहित कई अन्य लोगो ने पहुंच कर माता रमली देवी के फोटो चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सहाय के पिता स्वः सोनपाल मीणा का भी तीन वर्ष पूर्व इसी समय निधन हो गया था। इंस्पेक्टर भगवान सहाय मीणा प्रदेश के कई पुलिस थानों में एसएचओ रह चुके हैं। इन्हे अच्छी पुलिसिंग के लिए जाना जाता रहा है।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी की नई पहल, जनता की समस्याओं के समाधान के लिए शुरू की "सेवा ही संगठन" मुहिम

### भाजपा के प्रदेश कार्यालय में कंट्रोल रूम शुरू, हेल्प लाईन नंबर 0141-2220841 पर मिलेगी हर संभव सहायताः जितेंद्र गोठवाल



चमकता राजस्थान

जयपुर। प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी की ओर से आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा ही संगठन अभियान की आज से शुरूआत की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देशानुसार प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल ने भाजपा के सभी जिलाध्यक्षों को पत्र लिखकर ''सेवा ही संगठन'' मुहिम से जुड़ने के लिए निर्देशित किया। भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि प्रदेश में बीते कुछ दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है जिसके चलते आमजन को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने आमजन की सहायता के लिए राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए। भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर बनाए गए कंट्रोल रूम के नंबर 0141-2220841 पर कॉल कर आमजन अपनी समस्या दर्ज करवा सकते है। भाजपा की ओर से बनाया गया कंट्रोल रूम जनता और सरकार के बीच संवाद का कार्य करेगा। इससे आमजन की समस्याओं का समाधान होगा। वहीं दूसरी ओर सेवा ही संगठन मुहिम के तहत प्रदेश के सार्वजनिक स्थानों, रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंड, मुख्य बाजार एवं अन्य स्थानों पर आमजन को ठंडा पानी, शरबत सहित मुख्य सड़कों पर छाया की व्यवस्था की जाएगी।

# राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2024 का 28 मई को अंतिम दिन

## नौतपा का असर भी बेअसर,जयपुरवासियों ने 1 करोड 90 लाख रूपये के मसालों की खरीद की

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 27 मई।** उपभोक्ता संघ की प्रबंध निदेशक श्रीमती शिल्पी पाण्डे ने बताया कि राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला, 2024 का आयोजन सहकारिता विभाग एवं उपभोक्ता संघ का एक अनूठा प्रयास है जिसके माध्यम से हम शुद्ध मसालों एवं खाद्य पदार्थों को आमजन की रसोई तक पहुंचा कर वर्तमान एवं आगे की पीढ़ी के स्वास्थ्य को समृद्ध बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मेले के माध्यम से हम एक ही छत के नीचे प्रदेश के सभी क्षेत्रों के साथ-साथ केरल, तमिलनाडु, पंजाब, गुजरात तथा बिहार जैसे राज्यों के विशिष्ट मसालों एवं उत्पादों को पूर्ण शुद्धता के साथ उचित मूल्य पर उपलब्ध करा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सहकार मसाला मेले के आयोजन का मूल उद्देश्य आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीय सेवाओं के माध्यम से सहकारिता की भावना को साकार करना है। उन्होंने कहा कि जयपुरवासियों को गुणवत्ता वाले मसाले उपलब्ध हो सके, इसके लिए सहकारिता विभाग देश एवं प्रदेश की सहकारी समितियों को एक प्लेटफार्म उपलब्ध करवाता है। इस मेले के माध्यम से हजारों जयपुरवासी अपनी जरूरत के अनुसार वर्षभर के मसाले खरीदते है।

उपभोक्ता संघ के महाप्रबंधक (व्यवसाय) अनिल कुमार ने बताया कि प्रदेश में अभी नौतपा का असर चल रहा है लेकिन राष्ट्रीय सहकार मसाला मेले के उत्पादों की महक उनके कदम मेले में आने से रोक नहीं पा रहा है। जयपुरवासी जमकर मसालों की खरीद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस मेले के माध्यम से अबतक रिकार्ड 1 करोड़ 90 लाख रूपये से अधिक मसालों एवं अन्य उत्पादों की बिक्री हो चुकी है। उन्होंने बताया कि मेले में 10 प्रकार के साबूत गरम मसाले, 13 परम्परागत मसाले, 27 प्रकार के इंस्टेंट मसाले, 5 प्रकार के परम्परागत साबूत मसाले, 16 प्रकार के अचार, 26 प्रकार के शर्बत, 5 प्रकार की ठण्डाई, 5 प्रकार के मुरब्बे, 7 प्रकार की सूची सब्जियां, ड्राईफ्रूट, डेयरी उत्पाद, खाद्यान्न एवं अनाज, तेल एवं अन्य उत्पाद सहित कुल 180 से ज्यादा प्रकार के उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध कराए गए है। उन्होंने बताया कि कॉनफैड द्वारा बूंदी, हरियाणा एवं पंजाब के बासमती चावल उपलब्ध कराये गये है।




उपभोक्ता संघ के महाप्रबंधक (प्रशासन) ने बताया कि प्रदेश के जिला सहकारी उपभोक्ता भंडारों जैसे जयपुर, कोटा, उदयपुर, राजसमंद, जोधपुर, भरतपुर, अजमेर, बीकानेर बूंदी, के द्वारा क्षेत्र विशेष में उत्पादित हो रहे खाद्यान्न एवं मसाले उचित मूल्य पर उपलब्ध कराए गए है। उन्होंने बताया कि आबूरोड़ की सौंफ, उदयपुर के मसालों के अर्क, बीकानेर के पापड़, कोटा भंडार का लहसुन, सीकर के प्याज, जोधपुर की सूखी सब्जियां सहित अन्य सहकारी समितियों द्वारा लाई गई मसाला सामग्री एवं उत्पाद आकर्षण के केन्द्र बने हुये हैं।

उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को रोजाना 5100 रूपये, 3100 रूपये एवं 2100 रूपये मूल्य के तीन गिफ्ट हैम्पर वाले लकी ड्रा निकाले जा रहे हैं। मेले के अंतिम दिन 28 मई को पांच बम्पर ड्रॉ निकाले जायेंगे। प्रथम बम्पर ड्रॉ में आई.एफ.बी. की फ्रंट लोडेड फुल्ली ऑटोमेटिक वाशिंग मशीन, द्वितीय बम्पर ड्रॉ में सैमसंग का स्मार्ट टीवी, तृतीय ड्रॉ में टेबलेटपीसी, चतुर्थ ड्रॉ में स्पोर्ट्स साइकिल एवं पंचम ड्रॉ में जेब्रोनिक्स का म्यूजिक कराओके सिस्टम दिया जायेगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929